

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार–पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-46 सीहोर, गुरूवार 03 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश

### किरेन रिजिजू ने कहा, 'संसद की बिल्डिंग को भी किया गया था क्लेम'




नई दिल्ली (ए.) । केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा, ऑनलाइन, ज्ञापन, अनुरोध और सुझाव के रूप में कुल 97,27,772 याचिकाएं प्राप्त हुई हैं। 284 डेलिगेशन ने कमेटी के सामने अपनी बात रखी और सुझाव दिए। सरकार ने उन सभी पर ध्यानपूर्वक विचार किया है, चाहे वे जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के माध्यम से हों या सीधे दिए गए ज्ञापन। इतिहास में पहले कभी किसी विधेयक को इतनी बड़ी संख्या में याचिकाएं नहीं मिली हैं। कई लीगल एक्सपर्ट, कम्युनिटी लीडर्स, धार्मिक लीडर्स और अन्य लोगों ने कमेटी के सामने अपने सुझाव रखे। पिछली बार जब हमने बिल पेश किया था, तब भी कई बातें बताई थी। मुझे उम्मीद ही नहीं, यकीन है कि जो इसका विरोध कर रहे थे, उनके हृदय में बदलाव होगा और वे बिल का समर्थन करेंगे। मैं मन की बात कहना चाहता हूं, किसी की बात को कोई बदगुमां न समझे कि जमीं का दर्द कभी आसमां न समझे। किरेन रिजिजू ने आगे कहा, साल 2013 में यूपीए सरकार ने वक्फ बोर्ड को ऐसा अधिकार दिया कि वक्फ बोर्ड के आदेश को किसी सिविल अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। अगर यूपीए सरकार सत्ता में होती तो संसद इमारत, एयरपोर्ट समेत पता नहीं कितनी इमारतों को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता। साल 2013 में मुझे इस बात पर बहुत आश्चर्य हुआ कि इसे कैसे जबरन पारित किया गया। 2013 में वक्फ अधिनियम में प्रावधान जोड़े जाने के बाद, दिल्ली में 1977 से एक मामला चल रहा था, जिसमें सीजीओ कॉम्प्लेक्स और संसद भवन सहित कई संपत्तियां शामिल थीं। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने इन पर वक्फ संपत्ति होने का दावा किया था। मामला अदालत में था, लेकिन उस समय यूपीए सरकार ने सारी जमीन को डीनोटिफाई करके वक्फ बोर्ड को सौंप दिया। अगर हमने आज यह संशोधन पेश नहीं किया होता, तो हम जिस संसद भवन में बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था। उन्होंने कहा, किसी ने कहा कि ये प्रावधान गैर संवैधानिक हैं। किसी ने कहा कि गैर-कानूनी हैं। यह नया विषय नहीं है। आजादी से पहले पहली बार बिल पास किया गया था। इससे पहले वक्फ को इनवैलिडेट (अवैध करार) किया गया था। 1923 में मुसलमान वक्फ एक्ट लाया गया था। ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी का आधार देते हुए एक्ट पारित किया गया था। उन्होंने कहा, 1995 में पहली बार वक्फ ट्रिब्यूनल का प्रावधान किया गया था। इससे वक्फ बोर्ड द्वारा लिए गए किसी भी फैसले से असंतुष्ट व्यक्ति वक्फ ट्रिब्यूनल में उसे चुनौती दे सकता था। यह पहली बार था जब ऐसी व्यवस्था स्थापित की गई थी। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर किसी वक्फ संपत्ति से 5 लाख रुपए से ज्यादा की आय होती है, तो सरकार उसकी निगरानी के लिए एक कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करेगी। यह व्यवस्था भी 1995 में ही शुरू की गई थी। आज यह मुद्दा इतना तूल क्यों पकड़ रहा है? विधेयक को सदन में पेश करते ही विपक्षी दलों ने विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस ने विधेयक के खिलाफ अपनी आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें विधेयक की प्रति देर से प्राप्त हुई, जिसके कारण उन्हें समीक्षा के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। कांग्रेस के नेताओं ने चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को जल्दबाजी में पेश किया है और विपक्ष को इस पर चर्चा के लिए उचित अवसर नहीं दिया गया।

## बालाघाट और मंडला की सीमा पर एनकाउंटर हॉकफोर्स ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया



मंडला (ए)। जिले के बिछिया रेंज में सीआरपीएफ और पुलिस की हॉक फोर्स के संयुक्त ऑपरेशन में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया गया है। मुठभेड़ के बाद सीआरपीएफ और पुलिस हॉक फोर्स ने सर्चिंग में सीआरएल समेत ऑटोमेटिक हथियार और वायरलेस सेट बरामद किए गए हैं। घने जंगल में सीआरपीएफ और हॉक फोर्स के जवानों द्वारा सघन सर्चिंग की जा रही है।

सीआरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार भिलवानी कैंप के पास स्थित एआरो क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ हो रही है। जिसमें अभी तक दो महिला नक्सलियों की मौत हो चुकी है। जंगल में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है, यहां अन्य नक्सलियों के छिपे होने की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मारी गई नक्सलियों में से एक छत्तीसगढ़ और दूसरी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की रहने वाली है। दोनों पर 14-14 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

## अखिलेश यादव के सवाल पर अमित शाह का मजेदार जवाब, खूब लगे ठहाके



नई दिल्ली , (आरएनएस)। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर बुधवार को चर्चा के दौरान हंसी-मजाक का माहौल भी दिखा। वहीं, अखिलेश यादव के तंज पर अमित शाह ने पलटवार करते हुए 25 साल की 'गारंटी' की याद भी दिलाई। दरअसल, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ये जो बिल लाया जा रहा है, भाजपा के अंदर एक मुकाबला चल रहा है। खराब हिंदू कौन बड़ा है, जो पार्टी खुद को कहती है कि वो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वो अभी तक अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। ये भाजपा क्या है।इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उसी अंदाज में सपा सांसद अखिलेश यादव को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने हंसते-हंसते अपनी बात रखी और मैं भी हंसते हुए जवाब देना चाहूंगा। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि मेरे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, उनमें परिवार के पांच लोगों को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना है। हमें 12-13 करोड़ सदस्यों में से प्रक्रिया के बाद चुनना है। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है, आपकी पार्टी में अध्यक्ष के चुनाव में बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा। लेकिन, मैं ये बात गारंटी से कह सकता हूं कि आप 25 साल अध्यक्ष बने रहेंगे। अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कुराते हुए नजर आए। अखिलेश याद ने कहा कि अध्यक्ष जी जो बात सामने से निकलकर आई है, मैं उसको आगे बढ़ा देता हूं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो बात गुपचुप हो रही है, कहीं ऐसा तो नहीं था कि कुछ दिन पहले जो यात्रा हुई है, वो कहीं 75 वर्ष की एक्सटेंशन वाली यात्रा तो नहीं थी। वहीं, सोशल मीडिया पर अमित शाह और अखिलेश यादव का वीडियो वायरल हो रहा है। इस पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग कमेंट कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने महाकुंभ को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा।

## बेटी के नाम पर बनाई आईडी,माई सर्किल 11 पर सरंपच के पति का लगा 3 करोड़ का जैकपॉट

करनाल (आरएनएस)। आजकल आईपीएल का खुमार पूरे देश पर चढ़ा हुआ है। इस खुमार को लेकर कई प्रकार के ऑनलाइन गेम्स पैसा कमाने का मौका देते हैं। ऐसे ही एक मौके से महिला सरपंच के पति को बंपर फायदा हुआ है। गांव सुहाना की महिला सरपंच के पति विक्रम ने 3 करोड़ रुपये और थार जीती है। यह जैकपॉट उसे माई सर्कल 11 पर लगा है। विक्रम ने आईपीएल के दौरान पंजाब और लखनऊ के मुकाबले के दौरान माई सर्किल ऐप पर 49 रुपए से बैट लगाई थी। एक तरफ जहां उन्होंने 3 करोड़ रुपए जीते हैं, साथ ही इसके साथ ही उन्हें एक महिंद्रा थार गाड़ी भी मिलेगी। विक्रम ने अपनी बेटी के नाम से आईडी बनाई थी। विक्रम की पत्नी रेखा गांव की सरपंच हैं और उनके पिता मजदूर हैं। वे कुछ हिस्से में किराए पर खेती भी करते हैं। विक्रम ने ड्रीम ईलेवन पर भी दो टीमें लगाई थीं और 1-1 लाख रुपए जीते हैं। अब परिवार में खुशी का माहौल है। गांव के विक्रम के करोड़पति बनने पर परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। हालांकि, विक्रम की सलाह है कि ऐसे गेम्स को सिर्फ शौक के तौर पर ही खेलना चाहिए और इसकी लत से बचना चाहिए।

## पूरे देश में गर्मी का पारा चढ़ने लगा

### राजस्थान में पारा पहुंचा 42 डिग्री के पार, दक्षिण में हल्की से मध्यम बारिश के आसार



नई दिल्ली (ए)। अप्रैल के आते ही पूरे देश में गर्मी का पारा चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। उत्तर भारत में जहां तेज धूप और लू चलने की संभावना है, वहीं दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की उम्मीद है। राजधानी दिल्ली में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है, जबकि राजस्थान के कुछ इलाकों में यह 42 डिग्री तक दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में लू चलने की चेतावनी दी है।वहीं दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते यहां बादल छाए रह सकते हैं और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इससे तापमान में कुछ गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में हल्की बारिश की संभावना बंगाल, ओडिशा, असम, मेघालय और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इन इलाकों में अगले दो-तीन दिनों तक बारिश जारी रह सकती है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।वहीं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी गर्मी बढ़ने लगी है। भोपाल, इंदौर, रायपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में तापमान 38-41 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ है। यहां भी अगले कुछ दिनों में लू चलने की संभावना है। पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान सामान्य से ऊपर जा रहा है। हालांकि, ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम सुहावना बना हुआ है, लेकिन मैदानी हिस्सों में गर्मी ने अपनी पकड़ बना ली है।

## प्राइवेट स्कूलों की 'मनमानी' पर सरकार सख्त, 78 स्कूलों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

रांची (आरएनएस)। झारखंड सरकार ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। स्कूली शिक्षा विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने फीस वृद्धि, रि-एडमिशन के नाम पर रकम वसूली, स्कूल की ओर से निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने की शर्तें लगाने जैसी शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन नहीं करने वाले स्कूलों पर 50 हजार से लेकर 2.50 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा।

मंत्री के निर्देश पर उनके गृह जिले पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में शिक्षा विभाग ने 78 प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों में सरकार की गाइडलाइन के उल्लंघन की शिकायतें मिली हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से नोटिस में इन स्कूलों के मैनेजमेंट को 3 अप्रैल तक जवाब देने का कहा गया है।




## वक्फ संशोधन कानून बिल का पूरे देश ने स्वागत किया है : डॉ सनवर पटेल




भोपाल (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वक्फ बोर्ड संशोधन कानून लाया गया है। इस संशोधित कानून का देश ईमानदार मुस्लिम समाज ने ढोल नगाड़े बजाकर देश की सरकार का अभिनंदन किया है, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने नये बिल का स्वागत करते हुए कहा कि अब वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वाले माफियाओं से मुक्ति मिलेगी, वही गरीब निर्धन मुस्लिम परिवारों के लिए एक नई आशा की किरण जागेगी।डॉक्टर पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी अब एक अभियान चला कर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कब्जा करने वाले माफियाओं को जल्दी ही बेदखल किया जायेगा और जरूरत पड़ी तो कानून के माध्यम से जेल भेजा जायेगा।

वक्फ की संपत्तियों का उपयोग मुस्लिम समाज के उत्थान और स्वावलंबी बनाने के लिए किया जाएगा , शिक्षा के बड़े संस्थानों से चर्चा कर मुस्लिम समाज के बच्चों को डॉक्टर,इंजीनियर, और भारत रत्न अब्दुल कलाम जैसा बनने की ललक जगाई जायेगी।मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पटेल ने भोपाल में मुस्लिम समाज द्वारा आज नये बिल के समर्थन और स्वागत किया गया और अभिनंदनीय है, उन्होंने कहा वह स्वयं उन सभी के बीच मिठाइयां लेकर जायेंगे।

## श्रमिक परिवारों की मुश्किल घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### गुजरात के बनासकांठा पटाखा फैक्ट्री हादसे में मृतकों के परिजन को दी जायेगी आर्थिक सहायता



भोपाल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना अत्यंत दुःखद और कष्टदायी है। राज्य सरकार पूरी सक्रियता एवं तत्परता के साथ मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। पीड़ितों की सहायता के लिए राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचे हैं। मृतकों की पार्थिव देह उनके गृहग्राम एवं परिजन तक पहुंचाने की सभी जरूरी व्यवस्थाएं तेजी से की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में सभी मृतकों के परिजन के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से हादसे का शिकार हुए सभी मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए तथा घायल श्रमिकों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काम के सिलसिले में राज्य की सीमा से बाहर जाने वाले सभी श्रमिकों से अपने काम के दौरान पूरी सतर्कता बरतने एवं खुद की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की है।

## काटकर मार दूंगी... पत्नी ने सच कर दी 15 दिन पहले कही बात; ताबड़तोड़ चाकू के वार कर किया पति का कत्ल

मुस्करा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कस्बा मुस्करा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने पति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्या के बाद भी महिला को कोई पछतावा नहीं है और वह खुलकर कह रही है कि उसने अपने बच्चों का भविष्य बचाने के लिए यह कदम उठाया।यह घटना बीते सोमवार दोपहर करीब दो बजे बैजनाथ अग्रवाल विद्यालय के पीछे मोती नगर मुहल्ले में हुई। अनीता रैकवार नामक महिला ने अपने पति अरविंद रैकवार पर सब्जी काटने वाले बड़े चाकू से ताबड़तोड़ पांच वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हत्या के बाद अनीता ने अपने बड़े बेटे दिनेश को, जो उस समय बाजार में था, फोन करके घर बुलाया और तबीयत खराब होने की बात कही। घर पहुंचने पर दिनेश ने अपने पिता को खून से लथपथ देखा और अपनी मां को पास में बैठे पाया। शुरुआती पूछताछ में अनीता ने पुलिस को बताया कि कुछ अज्ञात लोग घर में घुसे और दोनों पर हमला करके चले गए।



## लालू प्रसाद यादव की बिगड़ी तबीयत, डॉक्टरों ने दिल्ली ले जाने की दी सलाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की तबीयत खराब होती जा रही है। जिसकों लेकर डॉक्टरों ने अब उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी है। जानकारी के अनुसार वह दो बजे एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना हो सकते हैं। लालू प्रसाद के ब्लड शुगर के स्तर में वृद्धि के कारण उनकी स्वास्थ्य स्थिति और गंभीर हो गई है। शुगर लेवल बढ़ने के कारण तकलीफ काफी बढ़ गई है। हालांकि, उनकी तबीयत पिछले दो दिन से खराब है। लेकिन, बुधवार सुबह से उनकी तबियत में और भी गिरावट आई। पटना में चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली जाने की सलाह दी है। उनके साथ राजद सुप्रीमो के छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी दिल्ली जाएंगे। लालू यादव की बेटी मीसा भारती मंगलवार से दिल्ली में ही हैं। राजद सुप्रीमो को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया जाएगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री गडकरी का जताया आभार

## मध्यप्रदेश को मिली 4 सड़क परियोजनाओं की सौगात औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को 4 सड़क परियोजनाओं की मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को सड़क अधोसंरचना निर्माण और क्षेत्रीय विकास में एक बड़ी सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि ये सड़कें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के लिए 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 4302.93 करोड़ रुपये है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर मध्यप्रदेश को मंजूर की गई इन परियोजनाओं की जानकारी साझा की है। केन्द्र सरकार के इस अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा जताई है कि ये सड़क परियोजनाएं प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सहज एवं सुगम बनाने के साथ आर्थिक विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि देश में सड़क अधोसंरचना



नेटवर्क को दिनों-दिन मजबूत किया जा रहा है और मध्यप्रदेश को भी इसका भरपूर लाभ मिल रहा है।

**केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के लिए स्वीकृत की गईं सड़क परियोजनाएं**

भोपाल जिले में संदलपुर से नसरुल्लागंज बायपास तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146बी) के 43.200 किमी खंड को 4-लेन में बदलने के लिए 1535.66 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। विदिशा और सागर जिले में राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146) के 10.079 किमी हिस्से को 4 लेन बनाने के लिए 731.36 करोड़ रुपये मंजूरी दी गई है। सागर जिले में लहदरा गांव जंक्शन से बेरखेड़ी गुरु गांव जंक्शन तक (राष्ट्रीय राजमार्ग-146 से राष्ट्रीय राजमार्ग-44) ग्रीनफील्ड 4-लेन सागर पश्चिमी बायपास (20.193 किमी) के निर्माण के लिए 688.31 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्वालियर शहर के पश्चिमी हिस्से में 28.516 किमी लंबाई के एक्सेस कंट्रोल्ड 4-लेन बायपास के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 1347.6 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने गुजरात के बनासकांठा पहुंचकर मध्यप्रदेश के घायल मजदूरों के हाल चाल जाने।

## वक्फ संशोधन बिल पर समर्थन की लहर, मंत्री सारंग बोले- गुमराह करने वालों को जनता ने दिया करारा जवाब!

भोपाल (ए.)। वक्फ संशोधन बिल को लेकर चर्चाओं के बीच मध्यप्रदेश के सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस बिल का आम मुसलमान से कोई विरोधाभास नहीं है, बल्कि कुछ अमीर मुस्लिम नेता, जो वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर बेजा कब्जा किए बैठे हैं, वही इसका विरोध कर रहे हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल में हजारों मुस्लिम भाइयों और बहनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक्फ संशोधन बिल का खुलकर समर्थन किया है। यह उन नेताओं के लिए करारा तमाचा है, जो इस बिल को लेकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बिल किसी समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के सही उपयोग और आम मुसलमान के हित में लाया गया है। मंत्री सारंग ने कहा कि यह बिल केवल उन लोगों के पेट में दर्द पैदा कर रहा है, जिन्होंने अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है। यह आम मुसलमान के खिलाफ नहीं, बल्कि पारदर्शिता लाने और गरीब मुस्लिम समुदाय को इसका सही लाभ दिलाने के लिए बनाया गया है।

## गाँव और शहरों में जनभागीदारी के साथ शुरु हुए जल संरक्षण के कार्य

भोपाल (ए.)। प्रदेश में 30 मार्च से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों में समाज के सभी वर्गों का लगातार सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल संवर्धन का कार्य जनता के सहयोग से ही सफल होगा। उन्होंने आहवान किया कि जन-प्रतिनिधियों के साथ प्रशासन और आमजन मिलजुल कर अभियान को सफल बनायें। झाबुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जन-अभियान परिषद के नेतृत्व में पेटलावद की आदर्श ग्राम पंचायत असालिया में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कुएँ की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। लगातार काम से कुएँ के जल-स्तर में सुधार और जल संरक्षण को बल मिलेगा। अभियान में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चम्बल नहर प्रणाली की अम्बाह शाखा द्वारा नहर में जंगल सफाई और चोई हटाने का कार्य किया गया। सफाई कार्य में विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया। जल की महत्ता और स्रोतों के संरक्षण पर जोर देते हुए धरोहर को बचाने के लिये जागरूक किया।

## 4,302.87 करोड़ लागत की 4 सड़क परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

***राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार से मध्यप्रदेश को मिलेगी रफ्तार***

भोपाल (ए.)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि प्रदेश को 4,302.87 करोड़ रुपये लागत की 4 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिलने से मध्यप्रदेश में विकास की रफ्तार तेज होगी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के मार्गदर्शन में देश का अधोसंरचना क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास यात्रा की गति और तेज हो रही है। भोपाल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-146बी के संदलपुर से नसरुल्लागंज बायपास तक के 43.200 किलोमीटर लंबे खंड को 1535.66 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह खंड एक महत्वपूर्ण धमनी मार्ग के रूप में कार्य करता है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-47, राष्ट्रीय राजमार्ग-46 और राष्ट्रीय राजमार्ग-45 को आपस में जोड़ता है। यह क्षेत्र अत्यधिक भीड़-भाड़ वाला है, जिसे पेव्ड शोल्डर सहित 4 लेन किए जाने से यातायात की समग्र दक्षता में सुधार होगा। मालवाहन और आमजन के लिए यह मार्ग अब और भी सुचारू, सुरक्षित और समय बचाने वाला होगा। विदिशा और सागर जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 के राहतगढ़ से बेरखेड़ी तक के 10.079 किमी हिस्से को 731.36 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन में विकसित करने की स्वीकृति दी गई है।

## पश्चिम मध्य रेलवे ने बीते वर्ष में 8200 करोड़ से अधिक अर्जित किया ओरिजनेटिंग रेवेन्यू

### -पैसेंजर एवं संड्री अर्निंग में पश्चिम मध्य रेल अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा -संड्री अर्निंग में रिकॉर्ड लगभग 55 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मॉनेटरिंग के चलते पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में वृद्धि हुई हैं। जिसमें वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों ने रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल ने बीते वित्तीय वर्ष में पैसेंजर एवं संड्री अर्निंग में अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की हैं। इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 8201 करोड़ 97 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 2424 करोड़ 33 लाख, माल यातायात से रुपये 5245 करोड़ 22 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 176 करोड़ 45 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 355 करोड 97 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

**यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये गए**

यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया। स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं। पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं। यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं। अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये गए**

मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया। माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। मालगाड़ियों में ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

## प्रदेश में हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में करियर काउंसलिंग की सुविधा

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है। इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक को पूरी मदद दी जायेगी।प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है।

## 02199/02200 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 13-13 ट्रिप

**भोपाल मंडल के शिवपुरी, गुना, रुठियाई, चाचौड़ा बीनागंज एवं ब्यावरा राजगढ़ स्टेशनों पर भी रुकेगी**



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन की श्रृंखला में गाड़ी संख्या 02199/02200 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन अब भोपाल मंडल के शिवपुरी, गुना, रूठियाई, चाचौड़ा बीनागंज एवं ब्यावरा राजगढ़ स्टेशनों पर भी ठहरेगी।

**गाड़ी संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - बांद्रा टर्मिनस ( 13 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन दिनांक 03 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन से शाम 16:50 बजे प्रस्थान कर, (उसी दिन) मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 20:23 बजे शिवपुरी, 22:10 बजे गुना, 22:32 बजे रूठियाई, 23:10 बजे चाचौड़ा बीनागंज, 23:43 बजे ब्यावरा राजगढ़ एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन शाम 16:10 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी ( 13 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी विशेष ट्रेन दिनांक 05 अप्रैल 2025 से 28 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को सुबह 05:10 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से प्रस्थान कर, उसी दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 19:30 बजे ब्यावरा राजगढ़, 19:58 बजे चाचौड़ा बीनागंज, 20:58 बजे रूठियाई, 21:55 बजे गुना, 23:13 बजे शिवपुरी एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन सुबह 05:00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन पहुंचेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व रेलवे की आधिकारिक पूछताछ सेवा NTES/139 या वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप के माध्यम से गाड़ी की समय-सारणी एवं ठहराव की पुष्टि अवश्य कर लें।

**भोपाल हाट बाजार में मिलेट दीदी कैफे और विकास भवन में दीदी कैफे का किया शुभारंभ**

## दीदी कैफे से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ बढ़ रही है सामाजिक प्रतिष्ठा : मंत्री श्री पटेल

भोपाल (ए.)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि करने का साधन बन रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर कर रहे हैं बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ा रहे हैं। मंत्री श्री पटेल ने बुधवार को विकास भवन एवं भोपाल हाट बाजार ने समूहों द्वारा संचालित आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, सीईओ एसआरएलएम श्रीमती हर्षिका सिंह, सीईओ आरआरडीए दीपक आर्य, आयुक्त मनरेगा अवि प्रसाद सहित अधिकारी-कर्मचारी और स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रही। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शास्त्रों एवं परंपरागत ज्ञान में उल्लेख है कि भोजन में स्वाद भोजन सामग्री के साथ ही बनाने वाले के भाव का भी होता है। दीदी कैफे में भोजन स्वादिष्ट है क्योकि इसे तैयार करने वाली महिलाओं का अपनापन इसमें शामिल है। उन्होंने भोपाल हाट बाजार में मिलेट से तैयार व्यंजनो के लिए कैफे स्थापित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने दोनों कैफे का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने समूह की महिलाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री पटेल ने कैफे में सफाई व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विकास भवन स्थित कैफे का संचालन संगम सीएलएफ के आठ समूह सदस्यों एवं हाट बाजार मिलेट कैफे का संचालन उड़ान सीएलएफ की पांच समूह सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे)

आजीविका स्वाद संगम (दीदी कैफे) मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के क्लस्टर डवलपमेंट के तहत एक पहल है, जिसमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाता है और उन्हें तकनीकी समर्थन एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वे स्वयं के द्वारा संचालित कैन्टीन, केटरिंग ऑपरेशन, कियोस्क और फूड ट्रक जैसे खाद्य आधारित उद्यम स्थापित कर सकें। राज्य में आजीविका स्वाद संगम के विभिन्न खाद्य उद्यम स्थापित किए गए हैं।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को भोपाल हाट बाजार में स्व- सहायता समूह द्वारा संचालित मिलेट कैफे आजीविका स्वाद संगम का शुभारंभ किया।

## विविध-समाचार

### हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरु

भोपाल (आरएनएस)। न्यू मार्केट के खेड़ापति हनुमान मंदिर में मंदिर के सौंदर्य करण का काम शुरू होने पर शिला पूजन के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विधायक भगवान दास सबनानी नगर निगम की महापौर श्रीमती मालती राय नगर निगम के अध्यक्ष कृष्ण सूर्यवंशी न्यू मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष नानक सिंह दुआ पार्षद श्रीमती राजू अनेजा एवं प्रकाश मिरचंदानी एवं संजय बलेचा अजय अग्रवाल मुकेश गोयल कमल गौड़ आरसी जैन शशांक जैन हिमांशु राठौर और तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कृषक जगत को आईसीएआर-आईएआरआई पुरस्कार से सम्मानित किया गया

भोपाल (आरएनएस)। नई दिल्ली में आईसीएआर-आईएआरआई के 120वें स्थापना दिवस ( 1अप्रैल)पर, कृषक जगत के निमिष गंगराडे को सर्वश्रेष्ठ कृषि प्रिंट मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद, आईएआरआई के निदेशक और कुलपति डॉ. च. श्रीनिवास राव, आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डी. के. यादव और आईएआरआई के संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. आर. एन. पदरिया की उपस्थिति में प्रदान किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), जो भारत में कृषि अनुसंधान के लिए शीर्ष संस्थान है, ने कृषक जगत को उसके प्रिंट मीडिया के माध्यम से सक्रिय रूप से कृषि प्रौद्योगिकी को अपनाने और किसानों के साथ बेहतर जुड़ाव के लिए डिजिटल विस्तार सेवाओं को बढ़ाने के लिए मान्यता दी है। कृषक जगत के प्रयासों को नवाचार और जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन के बीच की खाई को पाटने में उनके प्रभाव के लिए मान्यता दी गई है।

### आदिम जाति कल्याण विभाग के बाबू को सस्पेंड किए जाने पर नारेबाजी, प्रदर्शन

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल स्थित सतपुड़ा भवन में आदिम जाति कल्याण विभाग के कमिश्नर से नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को दफ्तर में जमकर हंगामा कर दिया। कर्मचारियों की नाराजगी एक बाबू को सस्पेंड किए जाने को लेकर थी। नाराज कर्मचारियों की नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच आखिरकार अफसरों को समझौता बैठक बुलानी पड़ी। लेकिन प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी बंद कमरे में चर्चा करने को लेकर तैयार नहीं हुए। मंत्रालय के समीप सतपुड़ा भवन में यह हंगामा आज सुबह दफ्तर खुलने के साथ शुरू हुआ। इसके बाद एकजुट हुए कर्मचारी अधिकारी के विरुद्ध प्रदर्शन और नारेबाजी करने के लिए एकजुट हो गए। जमकर हंगामे और नारेबाजी के बीच कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए दोपहर 12 बजे अधिकारी इस मामले में समझौता बैठक के लिए तैयार हुए। लेकिन कर्मचारी संगठन और कर्मचारी बंद कमरे में बैठक करने के बजाय खुले में चर्चा करने के लिए दबाव बनाते रहे। घटना को लेकर कर्मचारियों का कहना है कि आज सुबह आदिम जाति कल्याण विभाग के कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने एलडीसी हर्षपाल को फोन किया और कहा कि जल्दी आफिस आ जाओ, आदेश टाइप करना है। बाबू हर्षपाल ने कहा कि आता हूं। इसके बाद वह दस बजे पहुंचा तो कमिश्नर शुक्ला ने उसे डांटते हुए सस्पेंड करने की जानकारी दी और भला बुरा कहा। बोतल उस पर फेंककर मारी। इसके बाद कर्मचारियों को जानकारी लगने पर सभी एकजुट हो गए और हंगामा कर नारेबाजी करने लगे। विवाद बढ़ता देख कमिश्नर शुक्ला ने पुलिस बुला ली लेकिन तब भी हंगामा नहीं थमा। इसके बाद कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच बैठक कर समझौता करने का निर्णय हुआ लेकिन समझौता हो नहीं सका है।

### गुजरात की बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यक्त किया शोक

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुजरात के बनासकांठा में हुई दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्री चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस कष्ट को सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही, दुर्घटना में घायल हुए श्रमिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में मध्यप्रदेश के श्रमिकों की असामयिक मृत्यु तथा कई श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की हृदय-विदारक घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। मध्यप्रदेश सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। गुजरात सरकार से समन्वय स्थापित कर हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार घायलों के इलाज और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला आया सामने

भोपाल (आरएनएस)। घर के सामने रहने वाले युवक ने दिया वारदात को अंजाम..फ्रूटी पीने के लिए दिए पहले ?100 फिर नाबालिक के साथ किया दुष्कर्ममासूम फ्रूटी लेकर पहुंची अंडर कंस्ट्रक्शन मकान में मासूम से किया दुष्कर्ममासूम के चिल्लाने पर माता-पिता पहुंचेमौके से फरार हुआ आरोपीडायल 100 को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने की कार्यवाहीआरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कियामामले की जांच में जुटी पुलिस..अवधपुरी थाना इलाके का मामला।

### गोदामों के निरीक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध हो सख्त कार्रवाई : श्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। गोदामों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन कराया जाये। इस कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उपार्जित खाद्यान्न के भंडारण के साथ ही शासकीय गोदामों में उपलब्ध रिक्त क्षमता के उपयोग के लिये अन्य वैकल्पिक व्यवसाय प्राप्त करने के प्रयास करें। शासकीय गोदामों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने यह निर्देश मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन की संचालक मंडल की बैठक में दिये। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि निगम की वर्ष 2016 के बाद प्रतिवर्ष भंडारण शुल्क दरें पुनरीक्षित नहीं की गई हैं।

# आतंकी संगठन से जुड़े फिरोज को रतलाम पुलिस ने दबोचा, NIA ने घोषित किया था पांच लाख का इनाम

रतलाम (ए.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) के फरार पांच लाख रुपए के इनामी तथा राजस्थान के जयपुर सीरियल ब्लास्ट की साजिश में शामिल आतंकी फिरोज खान पिता फकीर मोहम्मद सब्जीवाला निवासी रतलाम को रतलाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आतंकी फिरोज राष्ट्रीय जांच एजेंसी और स्थानीय पुलिस को लंबे समय से चकमा देकर फरार चल रहा था। आतंकी फिरोज जब ईद मनाने रतलाम आया, इसी दौरान पुलिस के इसे गिरफ्तार कर लिया।

जयपुर सीरियल ब्लास्ट की साजिश में शामिल रतलाम निवासी आतंकी फिरोज को रतलाम पुलिस ने सुबह 4 बजे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। आतंकी फिरोज पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने भी पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। आतंकी फिरोज पिछले दो सालों से पुलिस और जांच एजेंसियों को चकमा देकर फरार चल रहा था। ईद के मौके पर जब फिरोज अपने घर आया तो रतलाम पुलिस ने सुबह 4 बजे उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।



गौरतलब है कि 28 मार्च 2022 को राजस्थान की निंबाहेड़ा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अल्तमश शेरानी, सैफुद्दीन उर्फ सैफुल्लाह तथा जुबेर को 12 किलो विस्फोटक सामग्री आरडीएक्स के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बम बनाने में उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री आईआईडी भी जब्त की थी। गिरफ्तार आरोपियों में दो आरोपी रानीपुर के निवासी थे तथा फकीर मोहम्मद आनंद कॉलोनी का निवासी था। इनसे पूछताछ के पश्चात राजस्थान की टोंक पुलिस ने फरहान और मुजीब को भी गिरफ्तार किया था, वहीं रतलाम पुलिस ने इमरान- शरीफ खान निवासी मोहन नगर रतलाम आमीन फावड़ा आमीन समद को पकड़ कर राजस्थान पुलिस के हवाले किया था। इसके पश्चात नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी द्वारा संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की गई थी। पकड़ाए गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया था।

## शराब बंदी के बाद मांस की दुकानों को बंद करने मांग, पवित्र नगरी का दायरा भी बढ़ाया जाए



उज्जैन (ए.)। सरकार ने एक अप्रैल से धार्मिक नगरी उज्जैन में मदिरा की बिक्री पर रोक लगा दी है। शराब की दुकानें हटने से जनता खुश है। अब मांस की दुकानों को भी बंद करने की मांग उठ रही है। धार्मिक संगठन वर्षों से उज्जैन में मांस के विक्रय पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव का कहना है कि खुले में मांस का विक्रय के आदेश सरकार की तरफ से पहले जारी किए जा चुके हैं लेकिन इनका पालन उज्जैन में नहीं हो रहा है। उज्जैन नगर निगम क्षेत्र के धार्मिक स्थान के आसपास मांस का विक्रय हो रहा है। उज्जैन में मदिरा के विक्रय पर रोक लगा दी गई है, लेकिन मांस की खुली ब्रिकी पर कुछ ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

**मांस और कत्लखानों पर भी लगे पाबंदी**

स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव का कहना है कि महाकाल की नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को जब सड़क पर मांस दिखता है तो उनकी नजरों में धार्मिक नगरी की छवि एक गंदे शहर की हो जाती है।

## शराबबंदी का असर काल भैरव पर नहीं, अब ऐसे लगाया जाएगा भोग, जानें क्यों चढ़ाई जाती है शराब?



उज्जैन (ए.)। मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में बाबा महाकाल के सेनापति काल भैरव का मंदिर है। इस मंदिर में काल भैरव को रोजाना मदिरा (शराब) का भोग लगाया जाता है। मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी किए जाने के बाद इस मंदिर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। इसके तहत अब भगवान काल भैरव के शराब भोग का इंतजाम मंदिर प्रबंधन कर रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर काल भैरव को मदिरा का भोग क्यों लगाया जाता है, इसके पीछे की कहानी क्या है?

**सबसे पहले जानिए, क्यों लगाया जाता है शराब का भोग?**

इसे लेकर कई मान्यताएं और कहानियां प्रचलित हैं। कुछ किवदंतियों के अनुसार, मदिरा का भोग लगाने की शुरुआत राजा विक्रमादित्य के शासनकाल में हुई थी। राजा विक्रमादित्य के शासनकाल में किसी ने उनकी पूजा में अनिष्ट करने के उद्देश्य से भोग में मदिरा मिला दी थी।

## सीसीटीवी में चांटे मारती दिखी पत्नी, पति बोला- मुझे बचाओ... लात-घूसों से पीटती है, सुसाइड की देती है धमकी

सतना/पन्ना (ए.)। मध्य प्रदेश के सतना जिले में घरेलू हिंसा से पीड़ित पति की दास्तान सीसीटीवी वीडियो से उजागर हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पत्नी अपने पति के साथ जमकर मारपीट करती हुई नजर आ रही है। पति हाथ-पैर जोड़कर उसे छोड़ने की गुहार लगा रहा है। यह वीडियो भी देखिए...

जानकारी के अनुसार, यह घटनाक्रम 20 मार्च की दोपहर का बताया जा रहा है, जिसमें सतना रेल विभाग में लोको पायलट के पद पर पदस्थ लोकेश माझी को उसकी पत्नी हर्षिता रैकवार, अपनी मां और भाई के साथ मिलकर प्रताड़ित कर रही है। पीड़ित पति का आरोप है कि उसकी पत्नी उसे मारती-पीटती है। झूठे मुकदमे दर्ज करवा रही है, और मारपीट करने के बाद आत्महत्या की धमकी भी देती है।



**लोको पायलट है पीड़ित पति**

मेरठ में पत्नी मुस्कान द्वारा पति सौरभ को टुकड़े-टुकड़े कर मारने की घटना के बाद डरा-सहमा पत्नी पीड़ित लोकेश ने ष्टष्टञ्जङ्क वीडियो के आधार पर सतना के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। साथ ही पीड़ित पति ने सतना और पन्ना पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर पत्नी से बचाने की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक ने मदद का भरोसा दिया है। आवेदन के माध्यम से पीड़ित लोकेश कुमार माझी ने बताया कि वह मोहल्ला रामबाग चीरघर जिला पन्ना का रहने वाला है। रेलवे में लोको पायलट होने के चलते वह वर्तमान में सतना में पदस्थ है। वह, जिले के धवारी चौराहा वन स्टॉप सेंटर के पास थाना सिटी कोतवाली के पास रहता है।

**साल 2003 में की थी शादी**

लोकेश ने बताया कि उसका विवाह जून 2023 में हर्षिता रैकवार से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी, सास और साला रुपयों और सोने-चांदी की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

## स्कूल वैन पर नशे में धुत युवकों ने किया हमला, बच्चों में दहशत; आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीधी (ए.)। सीधी जिले के जमोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम नेबुहां में 28 मार्च की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। इंडियन एक्सीलेंसी पब्लिक स्कूल, नेबुहां की स्कूल वैन पर नशे में धुत दो युवकों ने हमला कर दिया, जिससे वैन में बैठे बच्चे दहशत में आ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



शाम करीब 5:30 बजे, स्कूल वैन (MPz3C81470) के चालक ओमप्रकाश गुप्ता बच्चों को घर छोड़ने जा रहे थे। तभी ग्राम मशुरिहा के पास सड़क पर राजा साकेत और चरकू साकेत नामक दो युवक नशे की हालत में अपनी मोटरसाइकिल गिराए पड़े थे। जब वैन चालक ने उनसे रास्ता साफ करने का अनुरोध किया, तो दोनों भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। देखते ही देखते, उन्होंने वैन पर हमला कर दिया।

**हमले में वैन को भारी नुकसान**

आरोपियों ने वैन के सामने, अगल-बगल और पीछे के शीशे तोड़ दिए, बोनट पर हमला किया, गाड़ी की लाइट, वाइपर, हॉर्न और हैंडब्रेक तक क्षतिग्रस्त कर दिए। जब चालक ने विरोध किया, तो उसे गाड़ी से घसीटकर लात-घूंसों और पत्थरों से पीटा। इस दौरान वैन में बैठे बच्चों की चीख-पुकार मच गई, और कुछ बच्चों को कांच के टुकड़ों से चोट भी आई।

## जादू-टोने के शक में युवक की हत्या, पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

सिवनी (ए.)। सिवनी जिले के ग्राम नंदौरा में 28 मार्च की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां जादू-टोने के शक में एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। इस वारदात के तीन दिन बाद, 1 अप्रैल को बरघाट पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, हत्या के पीछे अंधविश्वास और मानसिक तनाव मुख्य कारण रहे।

बता दें कि ग्राम नंदौरा निवासी मृतक ईश्वर पर आरोपियों को लंबे समय से जादू-टोना करने का शक था। मुख्य आरोपी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उसे पिछले चार-पांच वर्षों से संदेह था कि ईश्वर उसके परिवार पर तंत्र-मंत्र कर रहा है। राजकुमार का कहना था कि उसके परिवार के सदस्य पिछले दो-तीन महीनों से लगातार बीमार चल रहे थे, जिससे आर्थिक स्थिति खराब हो गई और वह मानसिक रूप से तनाव में था। इसी मानसिक दबाव में उसने अपने तीन साथियों मुकेश, कैलाश और करन तिरोटे के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 28 मार्च की रात चारों आरोपी ईश्वर की झोपड़ी पहुंचे। वहां राजकुमार ने कुल्हाड़ी से उसके गले पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए।



**पीड़ित मन्नेलाल ने सुनाई आपबीती**

हत्या के समय मौके पर मौजूद मन्नेलाल बाहेवर ने पुलिस को बताया कि जब आरोपियों ने ईश्वर पर हमला किया, तो उन्होंने उसे भी मारने की कोशिश की। किसी तरह जान बचाकर भागे मन्नेलाल ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

**पुलिस ने ऐसे पकड़े आरोपी**

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता और एसडीओपी ललित गठरे के निर्देशन में एक विशेष टीम बनाई गई। गुप्त सूत्रों और तकनीकी जांच के आधार पर 1 अप्रैल को चारों आरोपियों राजकुमार, मुकेश, कैलाश और करन तिरोटे को गिरफ्तार कर लिया गया।

## व्यापार समाचार

### एसयूवी की मांग ने बढ़ाई टाटा मोटर्स और महिंद्रा की बिक्री, मारुति-हूंडई में दो फीसदी तक गिरावट

नईदिल्ली(ए.)। स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मांग के दम पर टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के गाड़ियों की बिक्री में मार्च, 2025 में बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, प्रमुख कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया और ह्यूंडई मोटर इंडिया की थोक बिक्री में सालाना आधार पर करीब दो फीसदी तक गिरावट रही।

मारुति ने कहा, पिछले माह उसने घरेलू बाजार में डीलरों को 1,50,743 यात्री वाहन भेजे, जो मार्च, 2024 के 1,52,718 इकाइयों की तुलना में एक फीसदी कम है। हालांकि, कंपनी ने लगातार दूसरे साल 20 लाख से अधिक वाहन बेचे हैं।

## नई बिल बुक शुरू न करने पर लग सकती है 25 हजार रुपये की जीएसटी पेनल्टी

फिरोजाबाद (ए.)। व्यापारियों को जीएसटी नियमों के तहत नई बिल बुक शुरू करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। इनकम टैक्स ट्रेड टैक्स बार एसोसिएशन के डायरेक्टर, वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप मित्तल ने व्यापारियों को सलाह दी है कि उन्हें 1 अप्रैल से अपनी नई बिल बुक शुरू करनी होगी, अन्यथा जीएसटी कानून के तहत 25,000 रुपये तक की पेनल्टी लग सकती है।

कुलदीप मित्तल ने बताया कि इस वर्ष के नए नियमों के अनुसार, व्यापारिक प्रतिष्ठान पर फर्म का नाम और जीएसटी पंजीकरण नंबर स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो व्यापारी को 25,000 रुपये की पेनल्टी का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अतिरिक्त, व्यापारियों को बी टू बी विक्री करते समय एचएसएन कोड (HSN Code) का उल्लेख करना




अनिवार्य किया गया है। एचएसएन कोड न लिखने पर आईटीसी (Input Ta& Credit) का लाभ रिवर्स हो सकता है और माल के आवागमन में भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

मित्तल ने यह भी कहा कि सभी टैक्सेबल व्यापारी अपनी खरीद व आईटीसी का मिलान प्रत्येक माह फार्म 2ए से करते रहें। साथ ही, बिक्रेता व्यापारी को समय से R1 रिटर्न दाखिल करने के लिए याद दिलाते रहें, ताकि 2ए के आधार पर आईटीसी का लाभ मिल सके।

इसके अलावा, व्यापारी को माल के खरीददार से छह महीने के भीतर भुगतान प्राप्त करना आवश्यक है, अन्यथा आईटीसी रिवर्स हो सकता है। एमएसएमई पंजीकृत निर्माता से माल खरीदने पर 15 दिन और आपसी एग्रीमेंट होने पर 45 दिन के भीतर भुगतान करना जरूरी है।

कुलदीप मित्तल ने व्यापारी समुदाय से अपील की कि वे जीएसटी के सभी रिटर्न (R1 या 3B) समय से दाखिल करें, अन्यथा लेट फीस, ब्याज और पेनल्टी का सामना करना पड़ सकता है।

## रुपया गिरावट पर खुला



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया गिरावट के साथ ही 85.65 पर खुला, फिर नीचे गिरकर 85.73 पर आ गया, जो पिछले बंद से 23 पैसे कम है। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे गिरकर 85.73 पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और रेसीप्रोकल टैरिफ को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रेसीप्रोकल टैरिफ चिंताओं के कारण वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी सत्र में रुपये में गिरावट आई है। वहीं शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे बढ़कर 85.50 पर बंद हुआ था। इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज मार्केट में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.65 पर खुला, फिर नीचे गिरकर 85.73 पर आ गया। बुधवार नये वित्त वर्ष 2025-26 का पहला कारोबारी सत्र है रहा क्योंकि 1 अप्रैल को बैंकों के वार्षिक खाता बंद होने के कारण मंगलवार को करेंसी और बॉन्ड मार्केट बंद थे। 31 मार्च को ईद-उल-फितर के अवसर पर शेयर, करेंसी, कमोडिटी और डेरिवेटिव मार्केट बंद थे। वित्त वर्ष 2024-25 में रुपए में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।.

## 'ट्रंप टैरिफ' से पहले शेयर बाजार में हरियाली, सेंसेक्स 593 अंक चढ़ा, निफ्टी 23300 के पार

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के जवाबी टैरिफ के एलान से पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.93 (0.77त्न) अंकों की बढ़त के साथ 76,617.44 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 655.84 अंक या 0.86 प्रतिशत बढ़कर 76,680.35 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी इंडेक्स 166.65 (0.72%) अंक मजबूत होकर 23,332.35 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान जोमैटो के शेयर 5त्न जबकि टाइटन के शेयर 4% की बढ़त के साथ बंद हुए।

बाजार में बुधवार को बैंकिंग और ऑटो शेयरों में हालिया गिरावट के बाद लौटी खरीदारी के कारण तेजी लौटी। हालांकि, निवेशक अमेरिका की ओर से आज घोषित की जाने वाली टैरिफ घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। इससे बाजार में आगे का रुख तय होगा।

**ऑटो बैंकिंग और आईटी शेयरों में दिखी खरीदारी**




इस बीच, ऑटो, बैंकिंग और आईटी शेयरों में खरीदारी और मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से घरेलू शेयर बाजारों में सुधार दिखा। बुधवार को अमेरिकी टैरिफ घोषणाओं से पहले एफआईआई की बिकवाली के कारण मंगलवार को सेंसेक्स में 1,390 अंक या 1.80 प्रतिशत तक टूट गया था। वहीं, निफ्टी में 353 अंक तक फिसल गया था।

**निवेशकों की नजर अमेरिका के जवाबी टैरिफ से जुड़ी घोषणाओं पर**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से जोमैटो में करीब 5 प्रतिशत की तेजी आई, जबकि टाइटन में करीब 4 प्रतिशत की तेजी आई। इंडसइंड बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक भी लाभ में रहे।



## सोने और चांदी में आई तेजी

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी में तेजी दर्ज की गयी है। नये वित्त वर्ष के दूसरे दिन सोने सोने के वायदा भाव 91,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 99,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में तेजी दर्ज की गयी।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध आज 354 रुपये की बढ़त के साथ 91,229 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 90,875 रुपये था।

## व्हाटसएप ने फरवरी में किए 97 लाख अकाउंट बैन, यूजर्स को दिए कई सुझाव

### कंपनी ने कहा- वह भारत में अपने करोड़ों यूजर्स की सुरक्षा को लेकर गंभीर

नई दिल्ली,(ए.)। मेटा के स्वामित्व वाली मशहूर मैसेजिंग ऐप व्हाटसएप ने कहा है कि फरवरी 2025 में भारत में 97 लाख से ज्यादा अकाउंट्स को बैन कर दिया गया है। यह कार्रवाई व्हाटसएप के नियमों और शर्तों का उल्लंघन करने के चलते की गई है। खास बात यह है कि इनमें से 14 लाख से ज्यादा अकाउंट्स को यूजर्स की शिकायत से पहले ही बैन कर दिया गया था। यह जानकारी व्हाटसएप ने अपनी मासिक सुरक्षा रिपोर्ट में दी है, जो हर महीने जारी की जाती है। इस रिपोर्ट में यूजर्स को सुरक्षित रखने और प्लेटफॉर्म का सही इस्तेमाल करने के लिए कई सुझाव दिए गए हैं।

व्हाटसएप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नई तकनीकों का इस्तेमाल किया है। साथ ही डेटा साइंटिस्ट्स और विशेषज्ञों की टीम भी इस काम में जुटी है। व्हाटसएप ने यूजर्स से अपील की है कि वे प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करें। इसके लिए कुछ आसान टिप्स भी शेयर किए हैं, जिसमें दूसरों की निजता का सम्मान करना, बार-बार मैसेज न भेजना और ब्रॉडकास्ट लिस्ट का सही तरीके से इस्तेमाल करना शामिल है।




साथ ही कंपनी का कहना है कि वह भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाइयां जारी रखेगी ताकि प्लेटफॉर्म पर गलत व्यवहार को रोका जा सके।

कंपनी ने कहा कि वह प्रयास के साथ भारत में अपने करोड़ों यूजर्स की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि व्हाटसएप यूजर्स को सुरक्षित अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया, आईटी नियम 2021 के तहत हमारी नई रिपोर्ट में यूजर्स से मिली शिकायतों, हमारे द्वारा की गई कार्रवाइयों और गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## देश का माहैल बिगाड़ने वालों पर सख्ती जरुरी

मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार फीसद आरक्षण देने के के कर्नाटक सरकार के फैसले का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विरोध किया है। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार्य नहीं है, जिसे भीमराव अंबेडकर ने तैयार किया था। संघ का निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के समापन के अवसर पर होसबोले ने कहा, ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है।उन्होंने दोहराया कि पूर्व में अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की तरफ से किए गए मुसलमानों के लिए आरक्षण के प्रयासों को उच्च न्यायालयों व उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा औरंगजेब का महिमामंडन किया गया, उसका भाई दारा शिकोह का नहीं, जो सामाजिक सद्भाव में विश्वास रखने वाला शख्स था। भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाने की बात करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप की सराहना की। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को केवल संघ की उपलब्धि न मानते हुए, उन्होंने इसे पूरे हिन्दू समाज की उपलब्धि बताया। हिन्दू संस्कृति व हिन्दू एकता के नाम पर वह अपनी विचारधारा पर जोर देते रहते हैं। गैर-राजनीतिक होने के बावजूद संघ के सदस्य राजनीति में सक्रिय रहते हैं। मौजूदा सरसंघचालक मोहन भागवत कहते हैं, संघ कार्य प्रणाली है और वह व्यक्ति निर्माण करती है। मगर मौजूदा राजनीति व मोदी सरकार पर संघ की विचारधारा की गहरी छाप स्पष्ट है। यहां असल सवाल समुदाय विशेष को दिए गए आरक्षण की नहीं है। अंबेडकर द्वारा तैयार किए आरक्षण को राजनीतिक दलों ने अपने तरीके से परिभाषित करने का तरीका ईजाद कर लिया है, जो अपने फौरी लाभ के लोभ में आरक्षण की घुट्टी पिला कर अपना मतलब निकालने में जुटी नजर आती हैं।बार-बार अदालत के हस्तक्षेप के बावजूद स्वयं केंद्र सरकार ने इसका कोई ठोस हल निकालने की जहमत नहीं की है। हकीकत में संविधान की रक्षा करने के लिहाज से, इतिहास तो किसी कीमत पर बदला नहीं जा सकता पर हमारी कोशिश होनी चाहिए कि समाज में सौहार्द बरकरार रहे। शांति भंग करने व देश का माहैल बिगाड़ने वालों पर सख्ती होनी चाहिए। संविधान की आड़ लेकर एकतरफा बात करना या इसका समर्थन करना कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने नई दिल्ली में भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर केक काटा।

# भारत का नक्सलियों पर शिकंजा कसने की रणनीति- मिट जाएगा नक्सलवाद का नामोनिशान?

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तर पर पूरी दुनियाँ 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन युद्ध व 7 अक्टूबर 2023 से इज़राइल- हमास युद्ध में भयंकर नतीजे किसी न किसी रूप में भुगत रही है,व ईरान- इजरायल तनाव के चलते पश्चिम एशिया इस्लामिक देशों सहित पूरी दुनियाँ चिंताओं में फंसी नज़र भी आ रही थी। अगर सभी अंतरराष्ट्रीय मंच मिलकर कोई रणनीतिक एक्शन लेते तो आज बात इतनी गंभीर नहीं होती। परंतु जैसे ही ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए इज़राइल-हमास का युद्ध विराम हुआ और अब रूस-यूक्रेन के 30 दिनों के युद्ध हुए राम की तैयारी चल रही है,यानें जो मन में ठान लिया जाए वह क्रियान्वयन होता है अभी जैसे हमारे गृहमंत्री ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद, माओवाद जीरो टॉलरेंस नीति का प्रण लिया है उस पर तेजी से काम शुरू है, इसी कड़ी में वे 4-5 अप्रैल 2025 को फिर दंतेवाड़ा समीक्षा करने जा रहे हैं। ठीक उसी तरह अनेक देशों में घरेलू आतंकवाद माओवाद नक्सलवाद लंबे समय से चल रहा है, परंतु मेरा मानना है कि किसी भी देश नें इस तरह क़े युद्ध आतंकवाद हिंसात्मक गतिविधियों क़ो जीरो टॉलरेंस नहीं कर पाया है,जिसका सबसे अधिक दुष्परिणाम आम आदमियों नागरिकों को ही भुगतना पड़ रहा है,जो वैश्विक स्तरपर या अपने ही देश में राज्य स्तरपर पलायन करते हैं जिनका स्थाई समाधान ढूंढना आज समय की जरूरत है। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 4-5अप्रैल 2025 को इसी नक्सलवाद, माओवाद को टारगेट-2026 रणनीति जीरो टॉलरेंस की समीक्षा के तहत केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी उप राष्ट्रीय सलाहकार केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों सहित अनेको सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बता दें पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ रायपुर दौरे पर 2026 तक माओवादियों नक्सलवादियों को जीरो टॉलरेंस के लिए नीति की बात कही थी। मेरा मानना है कि नक्सलवाद माओवाद आतंकवाद को जीरो ट्रेवल्स करना है तो उनके साथ आत्मसमर्पण रणनीति



पर जोर देना अधिक उचित होगा जो एक रणनीति के तहत शुरू भी है और अनेक आत्मसमर्पण हुए भी हैं, हिंसात्मक कार्रवाई से पुलिस व नक्सलवादियों में आपसी तनाव व दुश्मनी बढ़ रही है। बता दें मैं खुद नक्सल प्रभावित महाराष्ट्र के गोंदिया जिला क्षेत्र से हूं तो मैं देखता हूं कि गांव में गांववासियों व वहां की लोकल दुकानों को सब कुछ मालूम होते हुए भी चुप रहते हैं। दुश्मनी केवल पुलिस व नक्सलियों के बीच ही दिखती है कभी नक्सली मारे जाते हैं तो कभी पुलिस वाले शहीद होते हैं जो दशकोंसे चला आ रहा है। अब पैटर्न बदलकर आत्मसमर्पण का जोरदार अभियान चलाना भी शुरू है हालांकि यह अभियान अभी भी तेजी से चल रहा है व हाल ही में सैकड़ो नक्सलवादी आत्मसमर्पण भी किए हैं परंतु इसे अनेक रणनीतियां बनाकर अधिक तेज़ी से चलने की जरूरत है,चूँकि टारगेट माओवाद - 31 मार्च 2026 भारत में नक्सलवाद जीरो टॉलरेंस नीति शुरू है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, टारगेट माओवाद 2026-भारत में नक्सलवाद जीरो टॉलरेंस नीति अंतिम पड़ाव में-गृहमंत्री का दंतेवाड़ा दौरा 4-5 अप्रैल 2025, भारत का नक्सलियों परशिकंजा कसने की रणनीति- मिट जाएगा नक्सलवाद का नामोनिशान। मेरा मानना है कि अब ज़रूरतहै, भारत में जिला स्तरीय दबंग माफियाओं सट्टा जुआ किंग्स पर भी रणनीतिक शिकंजा कसने उच्च स्तरीय बैठक़े समय की मांग है।साथियों बात अगर हम भारत में टारगेट माओवाद 2026 की करें तो,देश में नक्सली हिंसा को लेकर केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। सरकार का लक्ष्य देश को 31मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने का है, इसे लेकर गृहमंत्री 4 और 5 अप्रैल को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 5 अप्रैल को गृहमंत्री छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एडवांस पोस्ट पर जाकर नक्सलमुक्त अभियान को लेकर मुआयना करेंगे, इसी के बाद 5 अप्रैल को गृहमंत्री छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन की समीक्षा भी करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित नक्सलवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रभावित राज्यों के पुलिस के आला अधिकारी, अर्धसैनिक बलों और नक्सलवाद के खात्मे में लगे अधिकारियों के साथ गृहमंत्री बैठक करेंगे। बता दें, छतीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के होने की सूचना पर 28 मार्च यानी शुक्रवार को डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए थे,अभियान के दौरान शनिवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई,इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 16 नक्सलियों को ढेर किया है।सुकमा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, उन्होंने कहा, नक्सलवाद पर एक और प्रहार! हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक ऑपरेशन में 16 नक्सलियों को मार गिराया है और भारी मात्रा में स्वचालित हथियार बरामद किए हैं उन्होंने आगे कहा, पीएम के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# न्यायपालिका की साख खराब

**अजीत द्विवेदी**

उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति और तबादले की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली की जगह क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी का विकल्प ज्यादा बेहतर है? इस पर एक बार फिर बहस छिड़ी है।दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी के बाद यह चर्चा शुरू हुई है। कहा जा रहा है इस तरह की घटनाओं से न्यायपालिका की साख खराब हो रही है। लोगों का भरोसा उठ रहा है और न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि कॉलेजियम प्रणाली के तहत जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं। इसके बरक्स यह दलील दी जा रही है कि अगर जजों की नियुक्ति की यह आंतरिक प्रक्रिया समाप्त कर दी जाए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बना कर उसके जरिए नियुक्ति हो तो अदालतों में भाई भतीजावाद भी बंद हो जाएगा और भ्रष्टाचार के मामले भी समाप्त होंगे। इससे न्यायपालिका की साख बहाल होगी।सुनने में यह तर्क बहुत अच्छा लग रहा है। किसी को यह बात अपील करेगी कि जज खुद ही जजों की नियुक्ति करते हैं तो वे क्यों नहीं अपने जानने वालों को या अपने रिश्तेदारों को तरजीह देंगे?

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में एक खास किस्म के इकोसिस्टम के जरिए इस नैरेटिव को स्थापित किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों के बेटे, बेटियां या भाई, भतीजे ही जज बनते हैं।सुप्रीम कोर्ट के पिछले चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के हवाले से यह नैरेटिव ज्यादा मजबूती से प्रचारित हुआ। लोगों को बताया गया कि उनके पिता भी देश के चीफ जस्टिस रहे थे। ऐसा नहीं है कि न्ययापालिका की साख खराब करने वाला प्रचार सिर्फ नियुक्ति और भाई भतीजावाद तक सीमित है। पिछले कुछ समय से दक्षिणपंथी विचार वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए और दक्षिणपंथी विचार वाले कानूनी जानकारों के लेखों और भाषणों के जरिए सुनियोजित ढंग से न्यायपालिका को निशाना बनाया जा रहा है।फैसलों में देरी के हवाले दिए जा रहे हैं। अदालतों में लंबित मुकदमों को मुद्दा बनाया जा रहा है। लंबी छुट्टियों के लिए अदालतों को टारगेट किया जा रहा है। किसी जज या वरिष्ठ वकील के रिश्तेदार जज बनते हैं तो उसके हवाले कॉलेजियम प्रणाली को निशाना बनाया जा रहा है और अगर बीच में कहीं भ्रष्टाचार का कोई मामला आ गया तब तो पूरा सिस्टम ही न्यायपालिका पर टूट पड़ रहा है। याद नहीं आता है कि आजाद भारत में कभी न्यायपालिका इस तरह निशाने पर रही हो।तभी यह खटका होता, संदेह पैदा होता है कि आखिर अचानक न्यायपालिका को क्यों इतना निशाना बनाया जा रहा है? क्यों उसकी साख खराब की जा रही है? क्या विधायिका पर नियंत्रण, प्रतिबद्ध कार्यपालिका और प्रतिबद्ध मीडिया के बाद अब प्रतिबद्ध न्यायपालिका की जरुरत है? क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को पूरी तरह से कार्यपालिका या विधायिका के अधीन लाने की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए यह सब किया जा रहा है?जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण के बाद जिस तरह से कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है और एनजेएसी की चर्चा शुरू हुई उससे संदेह और गहरा होता है।संसद के बजट सत्र के दौरान इस बात पर सहमति बनाने का प्रयास हो रहा है। सरकार और विपक्षी पार्टियों की साझा सहमति से विधायिका की सर्वोच्चता बनाने की बात हो रही है। सबको पता है कि भारत में विधायिका की सर्वोच्चता का मतलब कार्यपालिका की सर्वोच्चता होता है।भारत में अमेरिका या दुनिया के दूसरे लोकतांत्रिक देशों की तरह विधायिका पूरी तरह से स्वायत्त नहीं है। उसमें वही काम होता है, जो सरकार चाहती है। तभी विधायिका की सर्वोच्चता की बात संदेह पैदा करती है। कहा जा रहा है कि एनजेएसी या इस तरह का कोई अधिकरण बनेगा तो जजों द्वारा जजों की नियुक्ति का सिस्टम बंद होगा और एक स्वायत्त संस्था जजों की नियुक्ति करेगी।लेकिन सवाल है कि क्या एनजेएसी या ऐसी कोई भी संस्था स्वायत्त होगी या कार्यपालिका के नियंत्रण वाली होगी? यह भी सवाल है कि क्या जजों की नियुक्ति का मामला पूरी तरह से कार्यपालिका के हाथ में दिया जा सकता है? आज देश की बाकी तमाम संस्थाएं जिस तरह पूर्वाग्रह के साथ काम कर रही हैं, तमाम एजेंसियां और संवैधानिक वैधानिक संस्थाएं जिस तरह से राजनीतिक और वैचारिक विपक्ष को सरकार का दुश्मन मान कर उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई कर रही है, क्या गारंटी है कि जजों की नियुक्ति वाला पैनल उसी अंदाज में काम नहीं करेगा और उसके बाद न्यायपालिका भी पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में नहीं आ जाएगी? वैसे जजों की नियुक्ति का जो मौजूदा सिस्टम है उसमें भी सरकार की बड़ी भूमिका है। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम जिसका नाम भेज दे वह जज हो ही जाता है। सरकार जिसकी चाहे उसकी सिफारिश रोक सकती है।यहां तक कि दोबारा भेजी गई सिफारिशें भी रोकी जा सकती हैं। खुफिया सूचना के आधार पर सरकार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशें रोकती रही है। लोगों को ध्यान होगा कि कैसे सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस तीरथ सिंह ठाकुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रोने लगे थे। हाथ जोड़ कर अनुरोध कर रहे थे कि कॉलेजियम की ओर से भेजी गई सिफारिशों को सरकार मंजूरी दे दे। कितनी बार सुप्रीम कोर्ट को चलती सुनवाई के बीच सरकार से कहना पड़ा है कि वह सिफारिशें लटकाए नहीं। लेकिन सरकार पास एक सीमित वीटो का अधिकार है, जिससे वह जजों की नियुक्ति की सिफारिशें रोक देती है।अगर सरकार इससे भी ज्यादा अधिकार चाहती है, संपूर्ण वीटो चाहती है तो इसका मतलब है कि वह न्यायपालिका को नियंत्रित करना चाहती है। यह स्थिति कॉलेजियम के मौजूदा सिस्टम से ज्यादा खतरनाक हो सकती है।




मेष राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में कुछ उलझनें आएंगी लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको समाधान मिलेगा। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बितेगा। माता-पिता बच्चों को अच्छी सलाह भी दे सकते है।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है, अपना समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर आ सकता है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आएगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार के मामले में आज का दिन अच्छा रहने वाला है, बेहतर होगा किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। आज आप हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे। आज आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है। रुके हुए कार्यों को पूरा करने की कोशिश करें, तो सफलता मिल सकती है।

कर्क राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। मां कूष्मांडा को फूल अर्पित करें, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किए गए कामों की तारीफ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं।

कन्या राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज आपको सफल बना सकती है। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिन्हे आप बखूबी निभाएंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज घर के वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह देंगे, उनकी सलाह को नजरअंदाज न करें। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाएं, जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकाले, मन शांत रहेगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी।

धनु राशि:आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। अगर आप नई जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर ले। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। लवमेट एक दूसरे से अपने मन की बात शेयर करेंगे। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी जहां आप खुलकर अपनी राय रखेंगे। आप किसी नई तकनीक को सीखने की कोशिश करेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे, यह देखकर आपके घरवालों को ख़ुशी होगी। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा होने के योग बने हुए है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां आने से आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। दोस्ती में चल रही अनबन को ख़त्म करने के लिए आप दोस्ती का हाथ बढ़ा सकते हैं। आपको किसी महिला मित्र का सहयोग मिलेगा। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलायेगी। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे।

मीन राशि: आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है लेकिन सही पॉइंट का चुनाव करना बेहतर रहेगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों से राहत मिल जाएगी।

# लोकतंत्र का दिखावा बिखर रहा

**श्रुति व्यास**

क्या आपको एलेक्सी नवलनी याद हैं? वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ा खतरा बन गए थे। नतीजतन पुतिन ने नवलनी को मरवा दिया। और उसके बाद से पुतिन चैन की बंसी बजा रहे हैं।

तुर्की में भी एक नवलनी उभरा है। वे इस्तांबुल के मेयर इकरम इमामोग्लु हैं, जिन्हें तुर्की के अगले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का उम्मीदवार माना जा रहा है। वे देश के 71 वर्षीय थके-मांदे राष्ट्रपति रजब तैयब इर्दोगान के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं।

यही वजह है कि इर्दोगान ने 19 मार्च को इमामोग्लु को गिरफ्तार करवा दिया। उसी दिन 105 अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के वारंट भी जारी किए गए, जिनमें इमामोग्लु के कुछ सलाहकार, उनकी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) से जुड़े कुछ म्युनिसिपिल पदाधिकारी और शीर्षस्थ पत्रकार भी शामिल हैं।देखते ही देखते देश में अफरातफरी के हालात बन गए। देश राजनैतिक संकट में फंस गया। तुर्की के लोकतंत्र के लिए यह एक बड़ा खतरा है।इमामोग्लु के समर्थक सड़कों पर उतर आए। उन्होंने चक्का जाम किए और जिस थाने में उन्हें गिरफ्तारी के बाद ले जाया गया था, उसके सामने विरोध प्रदर्शन किया। ये विशाल प्रदर्शन पिछले एक दशक के दौरान हुए सबसे बड़ा प्रदर्शन था। इन हालातों में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया और 'दि इकोनोमिस्ट' के अनुसार तुर्की के अधिकारियों ने पुराना सोवियत नुस्खा अपनाया: ''जिसके खिलाफ कार्यवाही करनी हो, उसका नाम किसी न किसी अपराध से जोड़ दो''।

पिछले तीन सालों के दौरान इमामोग्लु को कई जांचों और आरोपों का सामना करना पड़ा है, जो भ्रष्टाचार से लेकर उन चुनाव अधिकारियों के अपमान तक से संबंधित थे, जिन्होंने उन्हें 2019 में मेयर पद के चुनाव में जीत से महरूम रखने का प्रयास किया था। अब उन पर एक आपराधिक गिरोह का सरगना होने, एक आतंकवादी समूह की मदद करने, सरकारी ठेकों में रिश्वतखोरी और हेराफेरी आदि के कई प्रकार के आरोप लगाए गए हैं।तुर्की के अधिकारियों ने इस बात का खंडन किया है कि इमामोग्लु, जो राष्ट्रपति के प्रतिद्वंद्वी हैं, पर लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। इमामोग्लु बहुत थोड़े समय में ही राष्ट्रपति इर्दोगान और उनकी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। उनके नेतृत्व में पिछले वर्ष स्थानीय चुनावों में विपक्ष ने जीत हासिल की।यह इर्दोगान और उनकी सत्ताधारी जस्टिस एंड डेव्लपमेंट (एके) पार्टी की बीस सालों से अधिक की अवधि में पहली हार थी। उस जीत के बाद से वे जनमत संग्रहों में इर्दोगान पर अच्छी खासी बढ़त बनाए हुए हैं और 2028 में होने वाले चुनाव, जिनके बारे में कहा जा रहे है कि वे निर्धारित समय के पहले ही करा लिए जाएंगे, में उनका राष्ट्रपति पद का विपक्ष का उम्मीदवार बनना लगभग तय माना जा रहा है। तुर्की का लोकतंत्र का मुखौटा हटता जा रहा है और वहां ऐसे हालात बनते जा रहे हैं जिनमें राजनैतिक प्रतिस्पर्धा लगभग असंभव होती जा रहा है।

ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि अंकारा के मेयर, जो राष्ट्रपति पद के एक अन्य संभावित दावेदार हो सकते हैं, को भी इमामोग्लु जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

लोकतंत्र का दिखावा बिखर रहा है और यह तुर्की की अर्थव्यवस्था पर भी बहुत बुरा असर डाल रहा है। तुर्की की मुद्रा लीरा, जो पिछले कुछ सालों में कमखर्ची और ब्याज में वृद्धि के चलते कुछ मजबूत हुई थी, की कीमत में इमामोग्लु की गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर डालर की तुलना में 12 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई।

तुर्की पिछले कई सालों से आर्थिक संकट से जूझ रहा है जिसके चलते जीवन अधिक खर्चीला हो गया है, और जिसके कारण इन प्रदर्शनों के बहुत पहले से सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था।

# मणिकर्ण हादसा : दरकते पहाड़ बेमौत मरते लोग दोषी कौन?

**- नरेंद्र भारती**

पल भर में ही लाशों के ढेर लग गए और जिन्दा मानव चिथड़ों में बदल गए शव क्षत विक्षत हो गएद्य चारों तरफ चीखो पुकार मच गई लोग एकदम दफन हो गए धार्मिक नगरी श्मशान बन गई कैसी विडंबना है की नवरात्रि के पहले दिन धार्मिक मनीकरण में छः लोग काल के गाल में समा गए बंगलुरु से घूमने आये पर्यटकों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा की उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी द्य फितरती व लालची मानव पहाड़ों का सीना छलनी कर रहा है और दरकते पहाड़ लोगों की जिंदगी लील रहे हैं पहाड़ों से छेड़छाड़ मत कीजिये अगर छेड़छाड़ बंद नहीं की तो प्रतिदिन हादसे होते रहेंगे चट्टाने काल बनकर बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतार रही हैं भरमौर से लेकर किन्नौर तक पहाड़ो से चट्टानें गिर रही हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं ताज़ा घटनाक्रम में कल रविवार को मनीकरण में पहाड़ी से अचानक विशालकाय पेड़ गिरने से छः लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और छः लोग घायल हो गए यह हादसा गुरुद्वारा साहिब के नजदीक हुआ इस पेड़ की चपेट में आने से बेमौत मारे गए मरने वालों में ज्यादातर पर्यटक थे कुछ स्थानिय लोग भी हैं यह पर्यटक बंगलुरु के रहने वाले थे इनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष हैं यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले काफ़ी दर्दनाक हादसे हो चुके हैं लेकिन कोई सबक नहीं सीख रहा है अगर पिछले हादसों से सबक लिया होता तो आज यह हादसा नहीं होता और लोग असमय नहीं मारे जाते 2024 में चंडीगढ़ -मनाली हाईवे पर नौ मील के पास देर रात हादसा हो गया केलांग से शिमला जा रही सरकारी बस पर चट्टान गिरने से तीन सवारियां घायल हो गई थी बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा होने से टल गया था द्य साल 2023 में भी एक कार पर बड़ी चट्टान गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई थी किन्नौर में भी ऐसा ही हादसा हुआ था जहाँ दो लोग चट्टान के नीचे दब कर मारे गए थे हनोगी के पास भी एक कार पर विशालकाय पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी भरमौर में भी ऐसा दर्दनाक हादसे में तीन लोग मारे गए थे द्य यह हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं सरकार व प्रशासन को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए ताकि भविष्य में इन दर्दनाक हादसों पर रोक लग सके फोरलेन के लिए.सड़क को चौड़ा करने के लिए पहाड़ों को मशीनों से काटा जा रहा और पहाड़ से बड़े बड़े पत्थर गिर रहे हैं।



## संक्षिप्त | समाचार

### रांची के पास गांव में जुलूस के दौरान दो पक्षों में संघर्ष, आठ घायल

रांची, (आरएनएस)। रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के हेठबालू गांव में मंगलवार की रात आदिवासियों के त्योहार सरहुल पर निकाले गए जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। इस संघर्ष में दोनों पक्ष से करीब सात-आठ लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक आदिवासी पाहन (पुजारी) भी हैं। हालांकि, इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने स्थिति को तत्काल काबू में कर लिया। इसके बाद गांव में बड़ी तादाद में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया गया है कि हेठबालू गांव में एक समुदाय के लोगों ने अपने त्योहार को लेकर सड़क के दोनों छोर पर बिजली की लड़ियां लगाई थीं। मंगलवार को सरहुल पर इसी रास्ते से जब जुलूस निकला, तो उनके झंडों से सड़क किनारे लगी बिजली की कई लड़ियां टूट गईं। इसी बात पर दो पक्षों में विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। सरहुल जुलूस का नेतृत्व करने वाले पाहन सहित कई अन्य को गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी के बाद मौके पर डीएसपी अमर कुमार पांडेय, थाना प्रभारी अभय कुमार, कांके सीओ जय कुमार राम, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उपप्रमुख अंजय बैठा सहित कई अन्य लोग पहुंचे। उन्होंने मध्यस्थता करते हुए दोनों पक्ष के लोगों को शांत कराया। घायल हुए सभी लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस घटना को लेकर बीजेपी के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए राज्य में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है।

### हाईकोर्ट का अहम फैसला : दबाव व धोखे से धर्म परिवर्तन गंभीर अपराध, समझौते से केस रद्द नहीं

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि मतांतरण केवल हृदय परिवर्तन और ईमानदारी से विश्वास के आधार पर ही वैध माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि धोखे या दबाव में कराया गया मतांतरण न सिर्फ अवैध है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे मामलों में पक्षों के बीच समझौता होने पर भी केस को खत्म नहीं किया जा सकता। यह फैसला न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकल पीठ ने रामपुर निवासी तौफीक अहमद की याचिका खारिज करते हुए सुनाया। याची पर हिंदू लड़की को धोखे से प्रेमजाल में फंसाकर मतांतरण और दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने हिंदू नाम रखकर सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देकर छह माह तक बंधक बनाए रखा।

### अलवर साइबर सेल पर लॉ स्टूडेंट से मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस ने किया इनकार

अलवर (आरएनएस)। राजस्थान के अलवर जिले में साइबर सेल के पुलिसकर्मियों पर एक लॉ स्टूडेंट के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और मोबाइल छीनने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता का दावा है कि उसने अपनी शिकायत को लेकर कई बार पुलिस के पास गुहार लगाई, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई।पीड़िता के मुताबिक किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाए थे। इन अकाउंट्स को हटवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर वह साइबर सेल पहुंची थी। लेकिन उसका आरोप है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की, अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसे धमकाने की कोशिश की।पीड़िता के मुताबिक, जब स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह अतिरिक्त जिला कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची। लेकिन वहां भी उसे एक घंटे तक इंतजार कराया गया और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और साइबर सेल के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, साइबर सेल थाने की इंचार्ज पुलिस उपाधीक्षक शालिनी बजाज ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने बताया कि लॉ स्टूडेंट अपनी शिकायत लेकर आई थी, जिसमें उसके नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की गई थी। इस मामले में मालाखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज है और जांच जारी है।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब की श्रेणी में दर्ज



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 4.6 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिन में मुख्यत: आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 50 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी ने कहा कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201 रहा जो 'खराब' की श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को करेंगे हरियाणा का दौरा, हिसार और यमुनानगर में होंगे कार्यक्रम

चंडीगढ़ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी हिसार और यमुनानगर जाएंगे। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री पहले हिसार पहुंचेंगे और उसके बाद दोपहर 2 बजे यमुनानगर में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हिसार और यमुनानगर दोनों स्थानों पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री जनता को संबोधित करेंगे और राज्य की विकास योजनाओं पर बात करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर राज्य सरकार की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



नई दिल्ली में भारत-चिली व्यापार फोरम के दौरान चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल.

### हरियाणा में बिजली 20 पैसे प्रति यूनिट महंगी, नए टैरिफ ढांचे में 300 यूनिट तक मासिक शुल्क खत्म

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। विधानसभा और निकाय चुनाव के बाद हरियाणा के 81 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को झटका लगा है। प्रदेश में घरेलू बिजली के श्रेणी-1 उपभोक्ताओं के (0-50 व 51-100) और श्रेणी-2 (0-150) में बिजली दर में 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि की गई है। अब नई टैरिफ व्यवस्था शुरू की गई है। इसमें 300 यूनिट तक मासिक ऊर्जा खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई निश्चित शुल्क नहीं लगाया जाएगा, जो 115 से 125 रुपये तक अलग-अलग श्रेणियों में लगता था। इसके अलावा बल्क उपभोक्ताओं के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि हुई है।घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को लोड के आधार पर 3 श्रेणियों में बांटा गया है। कुल घरेलू उपभोक्ताओं में से लगभग 78 प्रतिशत लोग 2 किलोवाट तक लोड वाले हैं। लगभग 16 फीसदी 2 से 5 किलोवाट तक और केवल 6 फीसदी 5 किलोवाट से अधिक लोड वाले हैं। 151-250 के स्लैब को बदलकर अब 151 से 300 यूनिट तक कर दिया है। दूसरे स्लैब 251 से 500 यूनिट को बदलकर अब 301 से 500 यूनिट कर दिया गया है। 501 से 800 वाले स्लैब को बदलकर अब 500 यूनिट के ऊपर का एक स्लैब माना जाएगा।



### वाहन चालकों को झटकाः हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर सफर करना हुआ महंगा; एनएचएआई ने 5 प्रतिशत तक बढ़ाए टोल टैक्स

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने पूरे देश में संचालित किए जाने वाले हाइवे और एक्सप्रेसवे के टोल चार्जेस में औसत 4 से 5 प्रतिशत का इजाफा कर दिया है। इसकी वजह महंगाई के कारण बढ़ती लागत को समायोजित करना था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह समायोजन एनएचएआई की वार्षिक समीक्षा का हिस्सा है, जो थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के साथ टोल दरों को संरेखित करता है और अतिरिक्त आय से हाइवे रखरखाव और विस्तार परियोजनाओं को सहायता मिलेगी। एनएचएआई के नोटिफिकेशन के अनुसार, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां से मेरठ जाने वाली कारों और जीपों के लिए एक तरफ का टोल अब 165 रुपये से बढ़कर 170 रुपये हो जाएगा, जबकि गाजियाबाद से मेरठ जाने के लिए टोल 70 रुपये से बढ़कर 75 रुपये हो जाएगा। इस मार्ग पर हल्के वाणिज्यिक वाहनों और बसों को प्रति ट्रिप 275 रुपये देने होंगे, जबकि ट्रकों को 580 रुपये देने होंगे। एनएच-9 पर छिजारसी टोल प्लाजा पर कारों के लिए टोल 170 रुपये से बढ़कर 175 रुपये हो जाएगा, हल्के वाणिज्यिक वाहनों को 280 रुपये जबकि बसों और ट्रकों को 590 रुपये देने होंगे।लखनऊ से होकर गुजरने वाले हाइवे पर यात्रा करने वाले मोटर चालकों को, जिनमें राज्य की राजधानी को कानपुर, अयोध्या, रायबरेली और बाराबंकी से जोड़ने वाले हाइवे भी शामिल हैं।

### हिमाचल में मनरेगा में मजदूरी करने वालों के लिए खुशखबरी, सभी मजदूर बीपीएल में होंगे शामिल



शिमला (आरएनएस)। हिमाचल में 100 दिन मनरेगा में काम करने वाले मजदूर भी अब बीपीएल में शामिल होंगे। पंचायतीराज विभाग ने बीपीएल श्रेणी के लिए मापदंड तय कर दिए हैं। उसे श्रेणी में मनरेगा मजदूरों को भी सशर्त शामिल कर दिया है। इस योजना के तहत प्रदेश की लाखों मनरेगा मजदूरों को लाभ मिलेगा। इस समय प्रदेश में 1,07,907 मजदूरों ने 100 दिन मनरेगा के तहत मजदूरी की है। इसमें बिलासपुर में 2,965, चंबा में 28,502, हमीरपुर में 2,851 कांगड़ा में 8,678 किन्नौर में 1,147 कुल्लू में 11,169 लाहौल और स्पीति में 76, मंडी में 30,284 शिमला में 9,933 सिरमौर में 6,605 सोलन में 2,350 और ऊना में 3347 मनरेगा मजदूरों ने 100 दिन मजदूरी करके काम किया है। अब देखना यह है कि पंचायतीराज विभाग ने जो मापदंड तय किए है, उसका फायदा मनरेगा मजदूर बीपीएल की श्रेणी में शामिल होने में कितना उठा पाते हैं।

### पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान तेज, बरनाला में मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने की बैठक

बरनाला(आरएनएस)। पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'युद्ध नशे विरुद्ध' मुहिम के तहत पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बरनाला के जिला प्रशासनिक परिसर के मीटिंग हॉल में सिविल, पुलिस प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए।मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि पंजाब की युवाशक्ति को बर्बाद करने वाले नशा तस्करों के लिए अब राज्य में कोई जगह नहीं है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के खात्मे और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए यह व्यापक अभियान निरंतर जारी रखा जाए।उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों से नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, जबकि पिछली सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।बैठक में विभिन्न विभागों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट साझा की। मंत्री ने बताया कि बरनाला जिले की 175 पंचायतों ने नशे के खिलाफ शपथ ली है और जिला प्रशासन नशा छोड़ चुके युवाओं को प्रेरणा स्रोत बनाकर दूसरों को प्रोत्साहित कर रहा है।

### भारतीय नौसेना का बड़ा एक्शन, आईएनएस तरकश ने 2500 किलोग्राम मादक पदार्थ किए जब्त



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान के अंतर्गत संचालित होने वाले फ्रिगेट आईएनएस तरकश ने हिंद महासागर में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थों को रोका और जब्त किया। यह अभियान क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा प्रयासों के तहत चलाया गया। 31 मार्च को गश्त के दौरान आईएनएस तरकश को भारतीय नौसेना के पी8आई विमान से संदिग्ध जहाजों के बारे में खुफिया जानकारी मिली, जिनके बारे में माना जाता है कि वे मादक पदार्थों की तस्करी सहित अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। इसके बाद नौसेना ने फ्रिगेट का मार्ग बदल दिया और एक नाव को रोकने से पहले आस-पास के कई जहाजों की जांच की। मरीन कमांडो सहित नौसेना की एक टीम ने जहाज की तलाशी ली और उसमें मादक पदार्थों से भरे सीलबंद पैकेट पाए। विस्तृत जांच में लगभग 2,500 किलोग्राम मादक पदार्थ पाए गए, जिसमें 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन शामिल थी। क्षेत्र में अन्य तस्करी अभियानों से संभावित संबंधों के बारे में ढो के चालक दल से पूछताछ की गई। यह जब्ती अंतरराष्ट्रीय जल में अवैध गतिविधियों से निपटने के उद्देश्य से चल रहे समुद्री सुरक्षा अभियानों का हिस्सा है।

### स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी से वक्फ संशोधन विधेयक वापस लेने का आग्रह किया



चैन्नई (ए.)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को वापस लेने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि इस विधेयक से मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचेगा। स्टालिन ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने-अपने धर्म के पालन करने का अधिकार देता है और इसे (अधिकार को) बनाए रखना तथा उसकी रक्षा करना निर्वाचित सरकारों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वक्फ अधिनियम, 1995 में प्रस्तावित संशोधनों में अल्पसंख्यकों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को ध्यान में नहीं रखा गया है और इससे "मुस्लिम समुदाय के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। मुख्यमंत्री पहले ही वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध कर चुके हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की और रेखांकित किया कि कुछ दिन पहले तमिलनाडु विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से विधेयक वापस लेने का आग्रह किया था। स्टालिन ने कहा कि मौजूदा वक्फ अधिनियम के प्रावधान समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और वे वक्फ की संपत्तियों को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

## सभी बैंक लेनदेन और बातचीत में मराठी भाषा का उपयोग करें : राज ठाकरे



मुम्बई (ए.)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में मराठी को अनिवार्य बनाने की अपनी मांग को तेज कर दिया है, तथा अधिकारियों पर राज्य की आधिकारिक भाषा में लेनदेन और बातचीत करने के लिए दबाव बनाने के लिए एक नया प्रदर्शन शुरू किया है। अपने विरोध प्रदर्शन के हिस्से के रूप में मनसे कार्यकर्ताओं ने यस बैंक का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से बैंक अधिकारियों को फूल और पत्थर दिए, जो उनकी मांग की याद दिलाने और चेतावनी देने का प्रतीक है। पार्टी ने घोषणा की है कि आज से सभी बैंकों में इसी तरह के प्रदर्शन किए जाएँगे। यह आक्रामक रुख मनसे प्रमुख राज ठाकरे के हाल ही में गुड़ी पड़वा रैली में दिए गए भाषण के बाद आया है, जहां उन्होंने आधिकारिक उद्देश्यों के लिए मराठी को अनिवार्य बनाने पर अपनी पार्टी के रुख को दोहराया था। इससे पहले, मुंबई में काम करने वाले एक सुरक्षा गार्ड को कथित तौर पर मराठी न बोल पाने के कारण मनसे कार्यकर्ताओं ने पीटा था। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें मनसे कार्यकर्ता मुंबई के पवई में सुरक्षा गार्ड को डांटते हुए दिखाई दे रहे थे। एक कार्यकर्ता मराठी में बात न कर पाने के कारण उस व्यक्ति को थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है। यह पहली बार नहीं है जब मनसे ने मराठी भाषा के मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाया है। जब राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना से अलग होकर पार्टी बनाई थी, तो उनका एक प्रमुख एजेंडा मराठी मानुस (मराठी लोग) के अधिकारों की वकालत करना था।

## दर्दनाक हादसा : दो बसों और बोलेरो जीप के बीच हुई भीषण टक्कर, 5 की मौत; 24 से ज्यादा घायल

बुलढाणा(आरएनएस)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। यह दुर्घटना शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर सुबह करीब 5 बजे हुई, जिसमें दो यात्री बसों और एक बोलेरो जीप की आपसी टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 24 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने पहले एक यात्री बस को टक्कर मारी। इसके तुरंत बाद पीछे से आ रही एक निजी यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गई, जिससे हादसा और भयावह हो गया। घटना के बाद राजमार्ग पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं। घायलों को एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत की निगरानी की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किए और दुर्घटना स्थल को साफ कराकर यातायात बहाल करने की कोशिश की। पुलिस तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण मान रही है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने सबको स्तब्ध कर दिया। जीरो प्वाइंट के पास एक बेकाबू ट्रक ने कार को टक्कर मार दी और उसे करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस दौरान कार में आग लग गई, जिससे उसमें सवार दो युवतियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार चालक समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, यह हादसा देर रात हुआ जब कार सवार चार लोग नैनीताल से घूमकर अपने घर रोहतक, हरियाणा लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की तेज रफ्तार के कारण टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई। आग की लपटों के बीच स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बचाव की कोशिश की, लेकिन दो युवतियों को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।



*ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की.*

## अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती : अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए वक्फ विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि एक सांसद ने पहले धमकी दी थी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे; यह भारत सरकार का, संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया है; ये निकाय पूरी तरह से घोषित उद्देश्यों के अनुसार संपत्तियों का प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए हैं। अमित शाह ने दावा किया कि अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस (संशोधन विधेयक) विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 2014 में चुनाव हुए और 2013 में रातों-रात तुष्टीकरण के लिए वक्फ अधिनियम में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस सरकार ने लुटियंस दिल्ली में 123 वीवीआईपी संपत्तियों को वक्फ को सौंप दिया, जबकि चुनाव आने में बस 25 दिन बचे थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन तलाक, सीएए पर भी डर फैलाया गया। उन्होंने सवाल किया कि बताइए ष्ट से किसकी नागरिकता गई?



उन्होंने कहा कि एक और भ्रांति फैलाई जा रही है कि यह विधेयक पिछली तिथि से लागू होगा। जब आप इस सदन में बोलें तो जिम्मेदारी से बोलें। विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधेयक पारित होने के बाद सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद कानून लागू होगा। इसलिए, कोई पिछली तिथि से लागू होने वाला कानून नहीं है। लेकिन मुसलमानों को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ का कानून किसी के द्वारा दान की गई संपत्ति को विनियमित करना है, चाहे उसका प्रशासन ठीक से चल रहा हो या नहीं, चाहे वह कानून के अनुसार चल रहा हो या नहीं। दान जिस उद्देश्य के लिए दिया जा रहा है, वह इस्लाम धर्म के लिए दिया जा रहा है, गरीबों के उत्थान के लिए दिया जा रहा है या नहीं। या उसका उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है या नहीं।

अमित शाह ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है, हम ऐसा नहीं करना चाहते। यह बहुत बड़ी भ्रांति है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण में हस्तक्षेप करेगा और उनके द्वारा दान की गई संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा। यह भ्रांति अल्पसंख्यकों में अपने वोट बैंक के लिए डर पैदा करने के लिए फैलाई जा रही है। शाह ने कहा कि वक्फ बिल मुस्लिम धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है।

# सलमान से लेकर अभिषेक तक इन कलाकारों ने अपने पिता के साथ किया काम, खूब मिली शोहरत

बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में अपने बेटों का बहुत सपोर्ट किया है। कई कलाकारों ने बतौर निर्देशक, पटकथा लेखक या बतौर अभिनेता अपने पिता के साथ काम किया है। आइए इस खबर में हम जानते हैं कि कौन से कलाकारों ने अपने पिता या बेटों के साथ काम किया है।

**सलमान खान- सलीम खान**



सलमान खान ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में जैसे 'सिकंदर', 'बॉडीगॉर्ड' और 'टाईगर 3' जैसी फिल्में दी हैं। उन्होंने सलीम खान की लिखी फिल्म 'मजधार' और 'पत्थर के फूल' में काम किया था।

साउथ कोरिया में बढ़ी सख्त बलात्कार कानून की मांग, 20 हजार लोगों ने किए साइन; किम सू ह्यून से क्या है कनेक्शन ?

**ऋतिक रोशन- राकेश रोशन**



ऋतिक रोशन ने बॉलीवुड को 'कृष' और 'वार' जैसी फिल्में दी हैं। उनके पिता राकेश रोशन ने निर्देशन करने से पहले अभिनय किया है। राकेश रोशन ने साल 2000 में 'कहो न प्यार है' का निर्देशन किया। इसमें ऋतिक रोशन ने अदाकारी की। ऋतिक ने राकेश रोशन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कृष' में भी काम किया।

**अमिताभ बच्चन- अभिषेक बच्चन**



अभिषेक बच्चन के नाम 'गुरू' और 'रिफ्यूजी' जैसी फिल्में हैं। उनके पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक कहे जाते हैं। अभिषेक ने अपने पिता के साथ काम किया है। दोनों ने 'सरकार 3' 'कभी अलविदा न कहना' और 'बंटी और बब्ली' में साथ में अदाकारी की है।

**फरदीन खान- फिरोज खान**



फरदीन खान ने बॉलीवुड को 'जंगल' और 'प्यार तूने क्या किया' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। उनके पिता फिरोज खान भी अभिनेता थे। दोनों ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया था। इन फिल्मों में 'जानशीन', प्रेम अगन और 'इक खिलाड़ी इक हसीना' शामिल हैं।

**सनी देओल- धर्मेंद्र**



सनी देओल अकसर अपने पिता धर्मेंद्र के साथ देखे जाते हैं। वह एक साथ 'अपने', 'यमला पगला दीवाना' और 'सिंह साब द ग्रेट' में साथ में नजर आए थे।

**रणबीर कपूर- ऋषि कपूर**



रणबीर कपूर ने बॉलीवुड को 'एनिमल', 'ये जवानी है दीवानी' जैसी फिल्में दी हैं। उन्होंने अपने पिता ऋषि कपूर के साथ 'बेशरम' फिल्म में काम किया है।

# लाइट, साउंड, गाने, कपड़े, सब कुछ अद्भुत था : कुब्रा सैत



मुंबई (ए.)। लैक्मे फैशन वीक 2025 के दौरान एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा के लिए शो की शुरुआत की। अपने अनुभव शेयर करते हुए एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने कहा, लाइट, साउंड, गाने, कपड़े, सब कुछ अद्भुत था - ऊर्जा शानदार थी।

शो ओपनर के रूप में यह मेरा पहला रैंप वॉक था, और यह वास्तव में बहुत बड़ी बात है - यह बहुत बड़ा है, मैं अभी जश्न मना रही हूं। कुब्रा ने बताया कि शो के बाद कलेक्शन का क्या होता है। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा, यह बेहतरीन स्टोर में जाता है, बहुत से बेहतरीन लोग इस बेहतरीन कलेक्शन को पहनते हैं - लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे लगता है कि यह जानना महत्वपूर्ण है कि हम क्या पहन रहे हैं - आप अपने दिमाग और सोच को उन कपड़ों को चुनने में लगाते हैं जिन्हें आप पहनना चाहते हैं और मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि नम्रता जोशीपुरा द्वारा इस कलेक्शन में बनाया गया हर एक परिधान, जो एक एथलीजर कलेक्शन है, बोतलों को रिसाइकिल करके बनाया गया है - इसलिए, यह टिकाऊ है, यह अद्भुत है, यह आपकी त्वचा के लिए अच्छा है, यह आपके दिल के लिए अच्छा है, यह आपकी चेतना के लिए अच्छा है।

**कुब्रा लोकप्रिय वेब सीरीज द** ट्रायल सीजन 2 के बहुप्रतीक्षित सीक्वल का हिस्सा होंगी। वह इस ड्रामा में काजोल के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह शो रॉबर्ट किंग और मिशेल किंग की द गुड वाइफ का रूपांतरण है। इसके अलावा, कुब्रा की लाइनअप में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल है। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन ने जियो स्टूडियो के साथ अपने होम बैनर देवगन फिल्म्स के तहत किया है।

# प्रेम की खूबसूरत कहानी 'अबीर गुलाल' का टीजर जारी, 9 मई को होगी रिलीज



मुंबई,(ए.)। वाणी कपूर और फवाद खान स्टारर फिल्म अबीर गुलाल का टीजर मंगलवार को जारी हो गया। 1 मिनट 2 सेकंड के इस टीजर में खूबसूरत प्रेम की कहानी की झलक दिखाई गई है। वाणी कपूर ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए लिखा- "इंतजार खत्म हुआ! अबीर गुलाल और फवाद खान के साथ बड़े पर्दे पर प्यार वापस आ रहा है। यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीजर की शुरुआत इस सवाल से होती है कि आखिरी बार आपको कब प्यार हुआ था? इसके बाद फवाद खान कार में बैठकर 1994 की फिल्म 1942 ए लव स्टोरी के लोकप्रिय गाने 'कुछ ना कहो' को लिप्सिंग करते नजर आते हैं। उनके बगल में बैठी वाणी कपूर उनसे पूछती हैं, क्या तुम मेरे साथ फ्लर्ट कर रहे हो? तो फवाद पूछते हैं, क्या तुम भी मुझे चाहती हो? इस दिलचस्प संवाद के साथ फिल्म का रोमांटिक माहौल दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।

फिल्म अबीर गुलाल का निर्देशन आरती एस बागड़ी ने किया है और इसका निर्माण विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी ने किया है। फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी शूटिंग 29 सितंबर 2023 को लंदन में शुरू हुई थी और फिल्म की घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज ने की थी। आरती एस बागड़ी ने फिल्म की कहानी के बारे में बताया कि यह फिल्म दो लोगों के सफर को दिखाती है, जो अनजाने में एक-दूसरे को ठीक करने में मदद करते हैं और दोनों को प्यार हो जाता है।

फवाद खान ने 2014 में आई फिल्म खूबसूरत से भारतीय सिनेमा में कदम रखा था, जिसमें वह सोनम कपूर के साथ नजर आए थे। इसके बाद वह कपूर एंड संस और ऐ दिल है मुश्किल जैसी फिल्मों में भी दिखे। वहीं, वाणी कपूर की पिछली रिलीज खेल खेल में थी, जिसमें उन्होंने अक्षय कुमार, फरदीन खान, तापसी पन्नू और अन्य कलाकारों के साथ काम किया था। अब फवाद के फैंस इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रह हैं।

# सब कुछ नहीं जाना, अभी जीवन में कई अनुभव लेना बाकी हैं : शबाना आजमी

मुंबई (ए.)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शबाना आजमी का मानना है कि उन्होंने अभी सब कुछ नहीं जाना है और उनके लिए जीवन के कई अनुभव लेना बाकी हैं। पांच दशकों से ज्यादा के अपने शानदार करियर के बावजूद अभिनेत्री का कहना है कि यह सोचना बेकार होगा कि उन्होंने हर पहलू को जी लिया है। एक बातचीत में शबाना ने कहा कि यह मानना कि मैंने सब कुछ अनुभव कर लिया है, अवास्तविक होगा। हां, मैं अब ज़्यादा रोमांचक काम नहीं कर सकती, वो बेवकूफी होगी, लेकिन मैं फिर भी करना चाहती हूं। मुझे ज्यादा कुछ नहीं चाहिए।

बता दें शबाना आजमी ने 1974 में श्याम बेनेगल की फिल्म अंकुर से अपने करियर की शुरुआत की थी। 50 साल के करियर में उन्होंने 160 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, जिनमें से ज्यादातर स्वतंत्र सिनेमा और नवयथार्थवादी समानांतर फिल्मों से जुड़ी रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यधारा की बॉलीवुड फिल्मों और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



अभिनेत्री शबाना आजमी अपने दमदार और असामान्य महिला किरदारों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अब तक पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता है और 1998 में पद्म श्री और 2012 में पद्म भूषण से भी सम्मानित हो चुकी हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई ऐसी भूमिका है जिसे न निभा पाने का उन्हें अफसोस है या कोई फिल्म जिसका हिस्सा वह बनना चाहती थीं, तो उन्होंने जवाब दिया। मेरी एक दोस्त कहती है कि मेरी आदत अजीब है। कभी-कभी मैं कहती हूं,अच्छा हुआ मैंने वो फिल्म नहीं की। वो पूछती है, क्या तुम्हें वो फिल्म ऑफर हुई थी? मैं कहती हूं नहीं। फिर वह कहती है, तो तुम क्यों खुश हो? मेरे दिमाग में ख्याल आता है कि अच्छा हुआ मैं उस फिल्म का हिस्सा नहीं बनी, लेकिन जब मुझे वो मिली ही नहीं, तो मैं क्या ही कर लेती? शबाना को आखिरी बार आर बाल्की की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म घूमर में देखा गया था, जिसमें अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर और अंगद बेदी भी अहम भूमिकाओं में थे।

# रान्या राव केस में आया नया मोड़, तीसरे आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

रान्या राव सोना तस्करी मामले में एक नया मोड़ आया है। इस हाई-प्रोफाइल केस में तीसरे आरोपी साहिल जैन को विशेष आर्थिक अपराध कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज यानी 2 अप्रैल 2025 को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने साहिल को कोर्ट में पेश किया। उनकी हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद यह फैसला लिया गया।

**रान्या ने जमानत के लिए खटखटाया कोर्ट का दरवाजा**

दूसरी ओर, कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने जमानत के लिए कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को उनके वकील बी एस गिरीश ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। इससे पहले निचली अदालतों ने उनकी जमानत को तीन बार खारिज कर दिया था। रान्या पर गंभीर आरोप हैं, जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार किया था।

**14 मार्च को गिरफ्तार हुई थीं अभिनेत्री**

27 मार्च को बेंगलुरु की 64वीं सीसीएच सत्र अदालत ने उनकी जमानत याचिका ठुकराई थी। उससे पहले 14 मार्च को विशेष आर्थिक अपराध कोर्ट और मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भी उनकी अर्जी नामंजूर कर दी थी। रान्या को 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 14.8 किलोग्राम सोना बरामद हुआ था, जिसे वह कथित तौर पर तस्करी करके ला रही थीं।

**डीआरआई ने कोर्ट को दी ये जानकारी**



डीआरआई ने कोर्ट को जानकारी दी है कि रान्या ने हवाला के जरिए सोना खरीदने की बात कबूल की है। जांच में यह भी सामने आया कि साहिल जैन इस तस्करी के नेटवर्क में अहम भूमिका निभा रहे थे। डीआरआई ने कस्टम्स एक्ट की धारा 108 के तहत जांच शुरू की है, ताकि इस मामले में वित्तीय अनियमितताओं और कानून के उल्लंघन की गहराई तक जाया जा सके। यह मामला तब शुरू हुआ जब रान्या को हवाई अड्डे पर पकड़ा गया। उनके पास बरामद सोने की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है।

# रस्सी कूदने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, अच्छे से होगी कार्डियो एक्सरसाइज

रस्सी कूदना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो न केवल शरीर को फिट रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है।यह एक सरल और प्रभावी तरीका हो सकता है, जिससे आप अपने शरीर को सक्रिय रख सकते हैं।इस लेख में हम आपको रस्सी कूदने के लिए कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताएंगे, जो आपको न केवल फिट रखेंगे बल्कि आपके मन को भी सुकून देंगे।

## साधारण कूदना सीखे

रस्सी कूदना सीखने का पहला कदम साधारण कूदना है।इसके लिए आपको सबसे पहले सही तरीके से रस्सी पकड़नी होगी और उसे अपने सिर से ऊपर ले जाकर कूदना होगा। ध्यान रखें कि आपकी कूद ऊंची न हो, बस इतनी हो कि रस्सी आपके पैरों के ऊपर से गुजर जाए।इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपके हाथ और पैरों का तालमेल बढ़ सके और आप आसानी से रस्सी कूद सकें।

## दोहरी कूद आजमाएं

दोहरी कूद एक खास तरीका है, जिसमें रस्सी को दो बार आपके पैरों के नीचे से गुजरना होता है।इसे करने के लिए आपको पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी कूद की ऊंचाई बढ़ाएं और हाथों की गति को तेज करें ताकि रस्सी दो बार नीचे से गुजर सके।शुरुआत में यह मुश्किल लग सकता है, लेकिन अभ्यास से आप इसे आसानी से सीख सकते हैं।



## क्रॉसओवर कूदें

क्रॉसओवर कूदना एक ऐसा तरीका है, जिसमें कूदते समय रस्से को क्रॉस करके आगे पीछे करना होता है।इसके लिए सबसे पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। अब जब आप हवा में हों तो अपने हाथों को क्रॉस करें और जब आप नीचे हों तो उन्हें खोल लें।इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपके हाथों और पैरों का तालमेल बढ़ सके और आप आसानी से इस तकनीक को सीख सकें।

## साइड स्विच करें

साइड स्विच करने का मतलब है कि आप अपनी स्थिति बदलते हुए रस्सी को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाएं। इसके लिए सबसे पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। अब जब आप हवा में हों तो अपने हाथों को खोलकर रस्से को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाएं।इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपका संतुलन बना रहे और आप आसानी से इस तकनीक को सीख सकें।

# घर पर सेब को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

सेब एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इसका कारण है कि इसमें विटामिन-सी, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे कई जरूरी तत्व होते हैं। हालांकि, सेब जल्दी खराब हो सकते हैं इसलिए इसे सही तरीके से रखना जरूरी है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सेब को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं।

## पानी में भिगोकर रखें

सेब को लंबे समय तक ताजा रखने का एक आसान तरीका है कि इसे पानी में भिगोकर रखा जाए।इसके लिए एक बड़े बर्तन में ठंडा पानी भरें और उसमें सारे सेब डाल दें।इस पानी को रोजाना बदलते रहें और ध्यान रखें कि सेब पूरी तरह से पानी में डूबे रहें। इससे सेब की ताजगी बनी रहेगी और वे जल्दी खराब नहीं होंगे।यह तरीका खासकर गर्मियों में बहुत फायदेमंद होता है।

## ठंडे स्थान पर रखें

ठंडे स्थान पर सेब को रखने से उनकी ताजगी बनी रहती है और वे लंबे समय तक अच्छे रहते हैं।सेब को सबसे पहले धोकर सुखा लें, फिर एक प्लास्टिक थैली या डिब्बे में डालकर ठंडे स्थान पर रखें। ध्यान रखें कि सेब एक-दूसरे से थोड़ी दूरी पर हों ताकि हवा चलती रहे और वे जल्दी खराब न हों।इस तरीके से सेब 2-3 हफ्ते तक ताजे बने रहते हैं।



## आलू का उपयोग करें

आलू का उपयोग करके भी आप सेब को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं।

इसके लिए एक बड़े बर्तन में आलू के टुकड़े काटकर रखें और ऊपर से सारे सेब रख दें।

आलू से निकलने वाली नमी से सेब जल्दी खराब नहीं होते और उनकी ताजगी बनी रहती है। ध्यान रखें कि आलू के टुकड़े मोटे न हों, पतले काटें ताकि हवा चलती रहे और सेब अच्छे से रखे जा सकें।

## अखबार लपेटें

सेब को अखबार में लपेटकर रखने से भी उनकी ताजगी बनी रहती है और वे जल्दी खराब नहीं होते।इसके लिए सबसे पहले सारे सेब को धोकर सुखा लें, फिर हर सेब को एक-एक करके अखबार में लपेट दें और एक डिब्बे में रख दें।

# धान उपार्जन तथा उपार्जन केंद्रों से प्रदाय धान के सत्यापन के लिए जांच दल गठित

## कलेक्टर ने एक सप्ताह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



सीहोर (निप्र)। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अंतर जिला-जिले में उपार्जन केंद्रो से प्रदाय धान के सत्यापन के लिए धान उपार्जन वाले जिलों में जांच दल गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर बालागुरू के ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा अंतर जिला-जिले में उपार्जन केंद्रो से प्रदाय धान के सत्यापन के लिए जांच दल गठित किया है। यह जांच दल जिले में उपार्जित धान मात्रा, धान जमा मात्रा, धान कमी मात्रा, मिलर्स को भुगतान की स्थिति, मिलरवार धान प्रदाय मात्रा, मिलरवार धान उठाव मात्रा, मिलरवार सीएमआर जमा मात्रा सहित अन्य बिंदुओं की विस्तार से जांच करेगा। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार विभिन्न जिलों में धान उपार्जन में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान में से गोदामों में से पूर्ण धान जमा न होना, मिलर्स द्वारा उपार्जन केन्द्र से सीधे धान उठाव के लिए सीएसएमएस पोर्टल पर धान परिवहन मे छोटे सीमित लोडिंग क्षमता के वाहनों का उपयोग करना, लम्बी दूरी के गंतव्य के लिये वाहन द्वारा एक-दो दिन मे कई फेरे लगाना, पोर्टल पर दर्ज वाहन अन्य राज्यों में कार्यरत पाया जाना एवं मिलिंग सीएमआर जमा आदि में अनियमितताये प्रकाश में आई हैं। कलेक्टर बालागुरू के ने जांच दल गठित कर एक सप्ताह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेशानुसार संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले को जांच दल का अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार सीहोर सहकारिता प्रभारी उपायुक्त सुनील सक्सेना, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील बोहित, एमपीएससीएससी जिला प्रबंधक सुशील पंडित एवं एमपीडब्ल्यूएलसी शाखा प्रबंधक श्रीमती दीप्ति सिंह जांच दल के सदस्य बनाए गए हैं। जारी आदेशानुसार जांच के दौरान मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक द्वारा मिलर्स को धान के नये डिलीवरी ऑर्डर जारी नहीं किये जायेंगे। जॉच के उपरांत जो मिलर्स सही पाये जायेंगे उन्हें ही धान की डिलीवरी ऑर्डर किये जायेगे एवं सीएमआर जमा करते समय चावल की गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ एजीई टेस्ट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पुराने चावल की रीसाइक्लिंग रोकी जा सके।

# कलेक्टर ने की उपार्जन कार्यो की समीक्षा

### अधिकारियों को नियमित निरीक्षण तथा उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित कर गेंहू उपार्जन कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले में अभी तक 1,65,000 मेट्रिक टन गेंहू की खरीदी की जा चुकी है। जिले में गेंहू की खरीदी के लिए 206 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। उपार्जन का कार्य 05 मई तक किया जाएगा।बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये है कि उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाएं जाएं तथा पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष, दरियां, टेबल, कुर्सी तथा शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त बिजली की सुविधा, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक उपार्जन उपकरण तथा किसानों की जानकारी के लिए सूचना पटल पर उपार्जन संबंधी जानकारी प्रदर्शित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं उपार्जन के बाद जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करें।

## पीएम पोषण योजना के तहत खाद्यान्न के उठाव की समय सीमा निर्धारित

सीहोर (निप्र)। शासन द्वारा पीएम पोषण योजना अन्तर्गत अप्रैल 2025 से खाद्यान्न उठाव की समय सीमा निर्धारित की गई है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल माह से खाद्यान्न उठाव की समय सीमा मात्र 01 माह रहेगी। उदाहरण स्वरूप अप्रैल माह का खाद्यान्न उठाव मई माह की 05 तारीख तक ही किया जा सकेगा इसके बाद अप्रैल माह का उठाव बंद कर दिया जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक माह के खाद्यान्न का उठाव समय सीमा मे करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह यह प्रयास करें कि समूहों को अग्रिम खाद्यान्न दिया जा सके तथा इसके लिए संबंधित माह की 10 तारीख तक उस माह के खाद्यान्न का उठाव सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि खाद्यान्न के अभाव में किसी भी स्तर पर मध्यान्ह भोजन प्रभावित होने की स्थिति में दायित्व निर्धारण किया जाए एवं लापरवाही की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

# अनुशासन, निर्धारित लक्ष्य और निरंतर मेहनत से मिलती है सफलता : डॉ नेहा जैन

## जिला पंचायत सीईओ ने ली बच्चों की क्लास



सीहोर (निप्र)। प्रदेश के साथ ही जिले में स्कूल चले हम अभियान एक अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 01 अप्रैल से 04 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवंटित स्कूलों मे जाकर बच्चों के साथ संवाद किया एवं पढ़ाई तथा भविष्य की रणनीति के बारे में चर्चा की और बच्चों का मार्गदर्शन किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सीहोर स्थित शासकीय सीएम राइज मनुबेन स्कूल में बच्चों की क्लास ली और उनसे पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति के बारे में पूछा और उन्हें बेहतर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन, निर्धारित लक्ष्य और निरंतर मेहनत करने से निश्चित ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए हम अपना जितना समय दे रहें हैं वह पूरी ईमानदारी और लगन के साथ दें यही सफलता की सीढ़ी है। उन्होंने स्कूल का निरीक्षण भी किया। इस अवसर स्कूल के प्राचार्य दीपसिंह राठौर सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सुबह की पाली में लगना चाहिए स्कूल, बच्चे भी रहेंगे कूल



### 1 अप्रैल से सत्र शुरू, गर्मी को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

सीहोर (निप्र)। गौरतलब है कि 1 अप्रैल से नवीन शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। नवीन सत्र को लेकर शिक्षकों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए हैं। इस संदर्भ में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीहोर को सम्बोधित ज्ञापन सुश्री सलोनी शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में 1 अप्रैल से शुरु हो चुके सत्र के दौरान स्कूलों में कहीं लाईट कटोती हो रही है तो कहीं पानी के हेण्ड पम्प सूख चुके हैं और तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे में बच्चों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौर ने कहा है कि अधिकांश बच्चे घरों पर कूलर में रहने के आदी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि यदि सुबह की पाली में सभी स्कूल लगते हैं तो बच्चे जहां गर्मी की परेशानी से बचेंगे और बच्चे नियमित स्कूल तो आयेगें ही साथ उनको लू लगने से बचाया जा सकेगा। वहीं विभाग की नामांकन प्रगति में भी इजाफा होगा। संघ का कहना है कि विभाग ने 1 अप्रैल से नवीन शिक्षण सत्र के आदेश तो जारी कर दिए। लेकिन समय सीमा वही पुरानी है। मांग की गई है कि आगामी दिनों में तापमान को होने वाली वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों का समय सुबह की पाली में किया जावे ताकि बच्चों को लू लगने से बचाया जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवनारायण गौर, संभाग उपाध्यक्ष लखन सिंह मालवीय, ब्लाक अध्यक्ष राजेश राठौर, विजय शंकर यादव, धर्मेन्द्र सौलंकी, संभागीय प्रवक्ता योगिता लोधी, शीला शाक्य, राकेश केलोदिया, चन्द्रशेखर राठौर, बलराम पंवार, राजेन्द्र बड़ोदिया, राजेश राठौर पचामा, मुकेश मालवीय, रामप्रकाश नरोलिया, कृष्णकांत शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# मरीह माता पर प्रतिदिन किया जा रहा कन्या पूजन के साथ हवन, सात अप्रैल को किया जाएगा विशाल भंडारा

### पांचवे दिन मां स्कंदमाता का पूजन अर्चन किया जाएगा



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस वर्ष भी शहर के विश्राम घाट के पास चौसठ योगनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के मौके पर प्रतिदिन मंदिर में सुबह और शाम को दुर्गा चालीसा और दुगा सप्तशती का पाठ किया जाता है। बुधवार की शाम को यहां पर नौ कन्याओं का पूजन आदि किया गयाा और मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा का पूर्ण विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा-रोहित मेवाड़ा, सुनील चौकसे, पंडित उमेश दुबे आदि शामिल थे।

श्री मेवाड़ा ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, जब त्रिदेव ने सृष्टि की रचना करने की कल्पना की, तो उस समय ब्रह्मांड में अंधेरा छाया हुआ था। इस दौरान ब्रह्मांड में सन्नाटा पसरा हुआ था। ऐसे में त्रिदेव ने मां दुर्गा से सहायता ली। मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा ने ब्रह्मांड की रचना की। मां कूष्मांडा के मुख मंडल पर मुस्कान से पूरा ब्रह्मांड में उजाला हो गया। इसी वजह से मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा कहा गया। सनातन शास्त्रों के अनुसार, सूर्य लोक में मां कूष्मांडा वास करती हैं। मां कूष्मांडा मुखमंडल पर सूर्य प्रकाशवान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, विधिपूर्वक मां कूष्मांडा की पूजा करने से साधक को सभी तरह की समस्या से छुटकारा मिलता है। साथ ही मां कूष्मांडा की कृपा से रुके हुए काम जल्द पूरे होते हैं। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पांचवे दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि और आठवें दिन मां महागौरी की पूजा के अलावा सात अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

# गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्रों का ताला प्रातः 07 बजे खोलने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

### किसानों को न हो असुविधा, गेंहू खरीदी का कार्य न हो प्रभावित : कलेक्टर

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 मार्च से 05 मई तक गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। उपार्जन के लिए जिले में उपार्जन केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन केन्द्र प्रातः 08 बजे नही खुलने की शिकायतें प्राप्त होने पर कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी एमपीडब्ल्यूएलसी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि इन शिकायतों का भौतिक सत्यापन कर चाही गई जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी निर्धारित गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों का ताला प्रातः 07 बजे खुलवाया जाए।

# पोकलेन मशीन से किया जा रहा सीवन नदी का गहरीकरण

## जल गंगा संवर्धन अभियान शहर के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर



सीहोर (निप्र)। नगर पालिका की टीम ने पोकलेन, डंफर, ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से नदी से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को बड़ी संख्या में नगर पालिका अमले के साथ क्षेत्रवासी भी सीवन नदी के गहरीकरण और सफाई अभियान में जुट गए है। बारिश शुरू होने से पहले नदी को पूरी तरह साफ करने का प्रयास किया जा रहा है। नदी की सफाई अभियान चलने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।झनगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान शहर के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शहर के बीच से गुजरी नदी आंखों को सुकून देने के साथ ही पानी की हमारी जरूरतों को पूरा करती है। इसके बावजूद हर साल बारिश के पानी के साथ आने वाली मिट्टी धीरे-धीरे गाद बनकर नदी की गहराई कम कर रही है। उथली होती नदी में जलभराव की मात्रा लगातार कम होती चली जा रही है। इसके लिए हाल के बजट में करीब 25 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। जिससे आने वाले समय में सीवन का गहरीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण हो सकेगा। बुधवार को नगर पालिका के अमले के साथ सीवन उद्धार समिति और क्षेत्रवासियों ने पोकलेन, जेसीबी सहित अन्य मशीनों के माध्यम से नदी में जमा गाद को निकाला और डंफर आदि से गंदगी उठाई है। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि जनहित में जब तक बारिश का पानी नहीं आता है, सीवन का सफाई अभियान जल गंगा संवर्धन योजना के साथ शहरवासियों की जनभागीदारी से निरंतर चलता रहेगा।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा यह पहल स्वागत योग्य है। यदि लोग जागरूक हों, प्रशासन कोई विशेष योजना बनाकर काम करे और नगर पालिका इसका संरक्षण करे तो सीवन शहर के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मानसूनी सीजन की कम होती बारिश को देखते हुए अब नदी का संरक्षण बहुत बड़ी जरूरत बन चुका है। ऐसा होने से एक लाख से अधिक शहरवासियों को कई तरह से फायदा मिलेगा। नदी को सदानीरा और सुंदर बनाने के लिए प्रशासन, नगर पालिका और लोगों को करना होंगे प्रयास

नगर में सीवन नदी सैकड़ाखेड़ी के पास स्थित फोरलेन बायपास पर बने पुल से शुरु होती है जो गणेश मंदिर के पास करबला पुल से होकर गुजरती है। यह नदी पार्वती नदी में जाकर मिलती है। सीवन नदी की नगरीय क्षेत्र में कुल लंबाई 8 किमी है। इस हिस्से में दोनों और सघन आबादी निवास करती है। नदी के ऊपर नगरीय क्षेत्र में 7 पुल हैं। लगातार अनदेखी के चलते वर्तमान में महिला घाट पूरी तरह सूख चुका है। चद्दर पुल तक बहुत कम पानी बचा है। बकरी पुल के पास भी बहुत कम पानी है। नदी में लबालब पानी भरा रहने से आसपास के जलस्रोत रिचार्ज होते हैं। जानकारों के मुताबिक नदी का जलस्तर बना रहने से करीब 2000 निजी बोर के अलावा 35 हैंडपंप और कई कुएं रिचार्ज होते हैं।

## ग्राम बिशनखेड़ी में जलस्तर गिरने संबंधी खबर के बारे में पीएचई अधिकारी ने कराया वस्तुस्थिती से अवगत



सीहोर (निप्र)। गत दिवस एक समाचार पत्र में इछावर विकासखण्ड के ग्राम बिशनखेडी में जलस्तर गिरने से हैण्डपम्पों के बन्द होने का समाचार प्रकाशित हुआ था। पीएचई विभाग के जिलाधिकारी प्रदीप सक्सेना ने इस बारे में वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि पीएचई विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम बिशनखेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम के सामुदायिक भवन के पास वाले मोहल्ले में पेयजल की समस्या है। जिसके निराकरण के लिए सामुदायिक भवन के पास एक नवीन नलकूप खनन कर सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित कर पंचायत द्वारा निर्मित टंकी में पेयजल एकत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम के एक अन्य भरे हुए नलकूप की सफाई कर सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित कर स्थल पर पेयजल प्रदाय चालू किया गया है।

## सात दिवसीय भागवत कथा का तीसरा दिन

# भागवत में हर समस्या का समाधान उपलब्ध-पंडित गिरिजाशंकर तिवारी

सीहोर (निप्र)। कलयुग के प्रभाव से केवल भागवत कथा ही बचा सकती है, क्योंकि भागवत में हर समस्या का समाधान उपलब्ध है, आज के आधुनिक युग में भी भागवत गुण ज्यादा प्रभावी हैं, इसमें प्रकृति पर भी ज्यादा ध्यान दिया गया है। जैसे सूर्य देवता का अपना प्रभाव है, मानव सहित सभी जीव जंतुओं का पालन पोषण ज्यादातर सूर्य पर ही निर्भर है। सुबह के समय सूर्य को जल अर्पित करते समय सूर्य की किरणें जल में से होती हुई आंखों व पूरे शरीर तक पहुंचती हैं। उक्त विचार शहर के शुगर फैक्ट्री के समीपस्थ मोर गार्डन में दाने परिवार के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित गिरिजाशंकर तिवारी ने कहे। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित के सामने जब कलयुग आ गया तो उनकी बुद्धि पर सवार होने लगा, पंडित श्री तिवारी ने कहा कि कलयुग में ही सारे युग विद्यमान है। कलयुग के लक्षण आदि का विस्तार से वर्णन किया।

एक बार राजा परीक्षित अपने राज्य की शासन व्यवस्था देखने के लिए निकले। उन्होंने सबसे पहले एक गाय और बैल को आपस में बातें करते देखा। उसी समय एक काला सा व्यक्ति उसे लात मारने लगा। जिसे राजा परीक्षित छुप कर देख रहे थे। यह देख राजा परीक्षित को क्रोध आया और उसने उस काले व्यक्ति को धमकाते हुए कहा कि तुम उसे क्यों मार रहे हो, मैं राजा हूं और मैं तुम्हें कठोर दंड दूंगा। जिस पर वह राजा के चरणों में गिर गया और अपना परिचय देते हुए बताया कि आप महान धार्मिक राजा हैं और मैं कलयुग हूं। मुझे आपके राज्य में रहने के लिए थोड़ी सी जगह चाहिए। जिस पर राजा ने उसे मना कर दिया। लेकिन अनुनय-विनय करने पर राजा ने कहा कि तुम जहां जुआ खेलते है वहां, मदिरापान होता है, हिंसा होती हो वहीं रहने की आज्ञा दे दी। कलयुग इससे प्रसन्न हुआ। इसी के कारण कलयुग में हिंसा ज्यादा हो रही है। सतयुग में तपस्या से इंसान को मुक्ति मिलती थी। द्वापर युग में यज्ञ से, त्रेता युग में चरण पादुका और कलयुग में मात्र भगवान के नाम लेने से ही मात्र मानव को मुक्ति मिल जाती है। कथा के दौरान जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, राजेश भूरा यादव, मनोज दीक्षित मामा, मोर गार्डन की ओर से गौरव कुशवाहा, अश्विन दाने, देवेन्द्र दाने, अशोक ठाकुर, रोहित शर्मा, भय्यु प्रजापति सहित अन्य ने व्यास पूजन और आरती की। दाने परिवार ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक जारी है।

# कलेक्टर ने किया औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के अब्दुल्लापुर (पचामा) औद्योगिक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने मेसर्स पंजवानी इंटरप्राइसेस, मेसर्स रामाश्री वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड, एटू फूड्स, मेसर्स सुगन साउण्ड सेल्स एण्ड सर्विस तथा अन्य इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने पचामा औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के भूखण्डों का भी निरीक्षण किया इसके साथ ही नवीन विद्युत सब स्टेशन की चिन्हित भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने इकाइयों की समस्याओं के विषय में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पहले से स्थापित रोड एवं नालियों की साफ-सफाई तथा इकाईयों को आवश्यकतानुसार जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रबंधक मनीष अलावा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के दो और उप स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस प्रमाणित

सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा आष्टा विकासखंड के खामखेड़ा जत्रा उप स्वास्थ्य केंद्र तथा इछावर विकासखंड के ढ़बलामाता उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। टीम द्वारा मानक जांच के पश्चात दोनों उप स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया।

सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेंवाएं मिल सकें।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा है जल स्रोतों का जीर्णोद्धार



सीहोर (निप्र)। राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में अभियान के तहत सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम बरखेड़ी में पोखर निर्माण, ग्राम बमूलिया में बावड़ी जीर्णोद्धार, ग्राम धनखेडी में परकोलेशन टैंक एवं ग्राम कराड़िया भील में कूप मरम्मत का कार्य किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी जनपदों में अभियान के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com